
डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 156 पेज: 8 जयपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025 मूल्य: 1.50 रुपये



## जाति जनगणना से पहले आरएसएस की बड़ी पहल

### राजनीतिक लाभ के लिए न हो इस्तेमाल, इस इरादे से समिति बनाने पर विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की मोदी सरकार की ओर से जनगणना के साथ ही जाति जनगणना भी शामिल करने की घोषणा के बाद आरएसएस एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। आरएसएस जाति व्यवस्था की जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए एक समिति बनाने पर विचार कर रहा है।

यह समिति सामाजिक-राजनीतिक चिंताओं पर एक व्यवस्थित दृष्टिकोण तैयार करेगी। आरएसएस का मानना है कि जाति आधारित डेटा का उपयोग केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए। संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस आंतरिक विचार पर मंथन कर रहा है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार यह सुझाव आंतरिक संचार के माध्यम से दिया गया है। इससे पता चलता है कि आरएसएस जाति समीकरणों और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

एक अन्य पदाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित समिति को मौजूदा जाति संबंधी डेटा का विश्लेषण करना चाहिए। साथ ही, नए सर्वेक्षण भी करने चाहिए, ताकि कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता को समझा जा सके। समिति को ऐसे प्रमाण-आधारित बातों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो राज्य और केंद्र सरकारों के लिए नीति निर्धारण में मदद कर सकें।

डेटा का उद्देश्य सामाजिक उत्थान होना चाहिए- आरएसएस हमेशा से इस बात पर जोर देता रहा है कि इस कदम का उद्देश्य जातिगत विभाजन को गहरा करना नहीं है, बल्कि उन चीजों को खत्म करना है जो लोगों को बांटती हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, इस देश में ऐसी ताकतें हैं, जिन्होंने लंबे समय से जाति पहचान के आधार पर हिंदुओं को विभाजित करने की कोशिश की है। उनका एकमात्र उद्देश्य राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदुओं को विभाजित करना रहा है। उन्होंने आगे कहा, ऐसा नहीं होने दिया जा सकता। डेटा का उद्देश्य उत्थान होना चाहिए, न कि वोट-बैंक का गणित। इसका मतलब है कि डेटा का इस्तेमाल लोगों को ऊपर उठाने के लिए होना चाहिए, न कि सिर्फ वोटों के लिए।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

- यूपी-उत्तराखंड और ओडिशा के मुख्यमंत्री यात्रा में हुए शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा, 'हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नही।'


## यूपी के जेवर में बनेगा सेमीकंडक्टर प्लांट

### हर महीने 3.6 करोड़ चिप बनेंगी, 2000 लोगों को मिलेगा रोजगार

### ऑपरेशन सिंदूर के बीच मोदी सरकार ने ले लिया है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बीच केंद्र सरकार ने आज बड़ा फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक और सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दे दी है। इससे भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को और गति मिलेगी। पहले से ही पांच सेमीकंडक्टर यूनिट बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

आज जिस यूनिट को मंजूरी मिली है, वह एचसीएल और फॉक्सकॉन का जॉइंट वेंचर है। एचसीएल का हार्डवेयर बनाने और विकसित करने का लंबा अनुभव है जबकि फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। ये दोनों मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक प्लांट लगाएंगी जिसकी लागत 3706 करोड़ रुपये होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए हाल में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तकनीक का व्यापक इस्तेमाल हुआ।



इस प्लांट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और अन्य कई उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे। ये चिप्स स्क्रीन को चलाने के लिए जरूरी होते हैं। इस प्लांट में हर महीने 20,000 वेफर्स बनाने की क्षमता होगी। वेफर एक तरह का पतला डिस्क होता है जिस पर चिप्स बनाए जाते हैं। इस प्लांट से हर महीने 36 मिलियन यूनिट (3.6 करोड़) चिप्स बनाने का लक्ष्य है।

### भारत को सप्लाई चेन का हब बनाना चाहती है सरकार

वैष्णव ने बताया कि इस प्लांट से 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा। सेमीकंडक्टर उद्योग अब पूरे देश में आकार ले रहा है। कई राज्यों में विश्व स्तरीय डिजाइन सुविधाएं शुरू हो गई हैं। राज्य सरकारें भी डिजाइन फर्मों को बढ़ावा दे रही हैं। 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नई तकनीक से नए उत्पाद बनाने में लगे हैं। इन संस्थानों के छात्रों द्वारा विकसित 20 उत्पादों को मोहाली द्वारा टेप आउट किया गया है। टेप आउट का मतलब है कि डिजाइन को मैन्युफैक्चरिंग के लिए तैयार कर लिया गया है। लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, मेडिकल डिवाइस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में तेजी से वृद्धि के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है। सरकार भारत को सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन का हब बनाना चाहती है। इसके लिए कंपनियों का भारी-भरकम इंसेंटिव दिया जा रहा है। भारत में इस दशक के अंत तक इसका बाजार 110 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

## महाराष्ट्र के वाशिम में हिंसा, दो गुटों में जमकर पथराव

- तोड़फोड़ और तनाव के बाद भारी पुलिस फोर्स तैनात



**वाशिम (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के वाशिम शहर में दो गुटों के बीच पथराव हुआ है, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि शहर के पाटणी चौक क्षेत्र में देर रात दो गुटों के बीच विवाद हुआ था, बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के बीच पथराव की नौबत आ गई। पाटणी चौक में हुई घटना का असर बागवानपुरा, डंडे चौक और गणेशपेठ जैसे इलाकों में भी देखने को मिला। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। देर रात करीब 11 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने घरों और वाहनों पर पथराव कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया।

## गलती से सीमापार जाने पर पकड़ा गया बीएसएफ जवान हो गया रिहा

- डीजीएमओ लेवल की बातचीत के बाद पाकिस्तान ने छोड़ा, 20 दिन बाद आया बाहर

**अमृतसर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कॉन्स्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए। डीजीएमओ लेवल पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा। बीएसएफ ने प्रेस रिलीज के जरिए कॉन्स्टेबल पूर्णम के भारत लौटने की जानकारी दी है। इसमें बताया कि पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की दो फोटो जारी की थीं। पहली फोटो में पूर्णम पेड़ के नीचे खड़े थे। उनकी राइफल, पानी की बोतल, बैग



जमीन पर पड़ा था। दूसरी फोटो में जवान की आंखों पर पट्टी बंधी थी। जवान शॉ मूल रूप से पश्चिम बंगाल में हुगली के रिसड़ा गांव के रहने वाले हैं। वह 23 अप्रैल को फिरोजपुर में किसानों के साथ भारत-पाक बॉर्डर पर ड्यूटी कर रहे थे।

- **पत्नी बोली मोदी है तो मुमकिन है-** रजनी ने कहा- मोदी जी (पीएम नरेंद्र मोदी) हैं तो सब मुमकिन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में अटैक हुआ तो उन्होंने 15-16 दिन के भीतर ही ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उन सभी का बदला लिया, जिनके सुहाग आतंकियों ने उजाड़े। उसके 3-4 दिन बाद ही उन्होंने मेरा सुहाग वापस कर दिया। उन्हें मैं धन्यवाद देना चाहती हूं। जवान की पत्नी ने कहा- 3-4 दिन पहले मेरी सीएम (ममता बनर्जी) से भी बात हुई थी। उन्होंने कहा था कि आपके पति जल्द घर आ जाएंगे, क्योंकि वह भी बीएसएफ के अधिकारियों से लगातार बात कर रही थीं। सभी का सपोर्ट रहा। पूरा देश मेरे लिए खड़ा था। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं।

## ब्रह्मोस-आकाश मिसाइल का निर्माण होगा और तेज

- ड्रोन पर भी रहेगा फोकस, स्थगित हुआ है 'ऑपरेशन सिंदूर' खत्म नहीं

हैदराबाद (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस और आकाश मिसाइट सटीकी साबित हुई है। पाकिस्तान के बढ़े तनाव को देखते हुए भारत सरकार इन मिसाइल उत्पादन में तेजी ला रही है। हैदराबाद में निर्माता ब्रह्मोस और आकाश जैसी मिसाइलों के लिए महत्वपूर्ण प्रणालियों को जल्दी से जल्दी वितरित करने के लिए काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीक कंपनियों के साथ मिलकर अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। कमांडरों के पास कमजोरियों, खास तौर पर हवाई खतरों से निपटने के लिए खरीद अधिकार हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं।

## चीफ जस्टिस बने गवई राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

- देश के पहले बौद्ध चीफ जस्टिस, 6 महीने का कार्यकाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। सीजेआई गवई की मां कमलताई ने कहा, मैंने हमेशा चाहा था कि मेरे बच्चे अपने पिता के रास्ते पर चलें और समाज की सेवा करें। भूषण ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया और मेहनत से पद तक पहुंचे हैं।

## चीन के खिलाफ पहली बार भारत का बड़ा ऐक्शन

### सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ पर लगाया बैन

**बीजिंग/नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन के खिलाफ पहला बड़ा ऐक्शन लिया है। भारत सरकार ने प्रोपेगेंडा फैलाने वाले ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ न्यूज के सोशल मीडिया एकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र शिन्हुआ न्यूज को भी भारत ने ब्लॉक कर दिया है। चीन सिन्हुआ न्यूज




कई सालों से भारत के खिलाफ गलत सूचना, फर्जी खबरें और दुष्प्रचार फैलाने में लगा हुआ था। ग्लोबल टाइम्स के बाद शिन्हुआ को भी ब्लॉक कर दिया गया है। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान ग्लोबल टाइम्स पूरी बेशर्मी के साथ झूठ फैलाने में लगा था और बीजिंग में भारत के राजदूत ने इसके लिए चीनी मीडिया ऑउटलेट को फटकार भी लगाई थी। ग्लोबल टाइम्स बार बार ये नैरेटिव फैलाने की कोशिश कर रहा था कि भारत बिना किसी उकसावे के कार्रवाई कर रहा था।

## मोदी को मिला महबूबा का साथ, उमर भी समर्थन में

- *भारत-पाकिस्तान मुद्दे पर अकेले पड़ गए राहुल गांधी*

जम्मू (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच शांति पर हुई डील और ट्रंप के हस्तक्षेप को लेकर सियासी घमासान छिड़ा है। राहुल गांधी ने सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। उन्होंने पीएम मोदी को निशाना बनाया। इंडिया गठबंधन का हिस्सा उद्धव ठाकरे शिवसेना भी राहुल गांधी के समर्थन में आ गई लेकिन इसी बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती पीएम मोदी के बचाव में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए और विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर शांति एवं स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। वहीं उमर अब्दुल्ला भी पीएम के साथ हैं। महबूबा मुफ्ती ने कहा, मैं सभी विपक्षी दलों से अपील करती हूं कि



वे बिना सोचे-समझे आलोचना करने या राजनीतिक फायदा देखने की प्रवृत्ति से बचें। जिस तरह पहलगाम की घटना ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक आवाजें एक कर दीं, उसी तरह शांति प्रक्रिया के इर्द-गिर्द राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की जरूरत है।

## चीन को रास नहीं आया भारत-पाकिस्तान का सीजफायर

- अमेरिका की एंट्री से धरी की धरी रह गई ड्रैगन का प्लानिंग

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम को हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन इसे लेकर दावों और अटकलों का दौर खत्म नहीं हो रहा है। सभी की कोशिश इस बात को जानने में है कि 10 मई को युद्धविराम की घोषणा के दिन वास्तव में क्या हुआ था। सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर युद्धविराम की घोषणा की थी। ट्रंप ने इस युद्धविराम का क्रेडिट अपने प्रशासन को दिया, तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी उनके पीछे खड़े हो गए। शरीफ ने युद्धविराम के लिए ट्रंप को शुक्रिया कह दिया लेकिन ऐसा लगता है कि भारत के साथ युद्धविराम को लेकर पाकिस्तान का दोस्त चीन उससे नाराज हो गया है। युद्धविराम को लेकर कोई जो भी दावा करे, भारत ने इस मामले में शुरू से ही साफ-साफ बता दिया कि यह दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद हुआ था। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 10 मई को इसकी जानकारी देते हुए बताया था कि पाकिस्तान के डीजीएमओ से फोन आया था।

## पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के नए चेयरमैन

- मोदी सरकार ने किया नियुक्त, प्रीति सूदन की लेंगे जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी और पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने मंगलवार देर रात एक आधिकारिक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी।

आदेश में कहा गया, राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हुई है। यह अनुच्छेद लोक सेवा आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित है। डॉ. अजय कुमार 1985 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं। उनकी यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति उसी दिन से प्रभावी होगी, जिस दिन वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। डॉ. अजय कुमार ने रक्षा मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्य किया है और अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम रक्षा सुधारों में भूमिका निभाई। अब वह यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित आयोग की कमान संभालेंगे,



जो देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं का आयोजन करता है। अजय कुमार की नियुक्ति प्रीति सूदन के कार्यकाल की समाप्ति के बाद हुई है। पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को जुलाई 2024 में यूपीएससी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जब तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सोनी ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 29 अप्रैल को समाप्त हुआ। मनोज सोनी जून 2017 से मई 2023 तक यूपीएससी के सदस्य रहे। उन्होंने अध्यक्ष बनने के कुछ ही समय बाद जून 2024 की शुरुआत में निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, सोनी के इस्तीफे को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## पाकिस्तान की पोल खुली

आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

हालात बिगाड़ने की कोशिश

युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाए और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।

जवाब मिल गया

इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है।

आतंकी प्रयास नाकाम

पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया। यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी।

पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पाएगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए।

# "कर्ज के दलदल में पाकिस्तान: IMF लोन पर भारत की नजर

पाकिस्तान इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जून 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल सार्वजनिक कर्ज 256 बिलियन डॉलर (लगभग 21.6 लाख करोड़ रुपए) हो चुका है, जो देश की कुल GDP का 67% है। इस भारी-भरकम कर्ज का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी ऋण का है, जिसे पाकिस्तान ने अन्य देशों, अंतरराष्ट्रीय बैंकों और IMF जैसे वैश्विक संस्थानों से लिया है।

चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान के पास अब सिर्फ 1.3 लाख करोड़ रुपए का विदेशी मुद्रा भंडार बचा है, जिससे वह मुश्किल से तीन महीने का आयात खर्च ही चला सकता है। कर्ज की यह स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि देश में पैदा होने वाला हर बच्चा औसतन 86,500 रुपए के कर्ज के साथ जन्म ले रहा है।

### भारत IMF लोन के खिलाफ कर सकता है वोट

अब भारत इस आर्थिक संकट को कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी देख रहा है। सूत्रों के अनुसार, भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से पाकिस्तान को दिए जाने वाले संभावित लोन के खिलाफ वोट कर सकता है। भारत का यह रुख इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान बार-बार भारत विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता आया है, और भारत अब आर्थिक मंचों पर भी उसका विरोध कर सकता है।

### चीन बना सबसे बड़ा कर्जदाता

वर्ल्ड बैंक की इंटरनेशनल डेब्ट रिपोर्ट 2024 के अनुसार, चीन ने दिसंबर 2023 तक पाकिस्तान को 28.7 बिलियन डॉलर (लगभग 2.42 लाख करोड़ रुपए) का कर्ज दिया है। यह कर्ज मुख्यतः चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) के तहत सड़कों, बिजलीघरों और बंदरगाहों जैसे 433 प्रोजेक्ट्स के लिए लिया गया है। हालांकि, पाकिस्तान सरकार चीन से लिए गए कर्ज की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं करती, जिससे इसकी पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

दिसंबर 2024 तक सऊदी अरब ने 9.16 बिलियन डॉलर, यानी करीब 77.2 हजार करोड़ रुपए कर्ज दिया। पाकिस्तान के कुल विदेशी कर्ज में सऊदी अरब की 7% हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी 2023 में 5% थी।

2019 में 3 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिससे हर साल रोलओवर किया जा रहा। 2023 में 300 मिलियन डॉलर तेल और पेट्रोलियम के इम्पोर्ट के लिए लिया। 2024 में 5 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिसे 2025 में रोलओवर किया जाएगा।

दिसंबर 2024 तक IMF ने पाकिस्तान को 7.5 बिलियन डॉलर, यानी करीब 64 हजार करोड़ रुपए कर्ज दिया। इसमें 7 बिलियन डॉलर का 37 महीने का एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (EFF) प्रोग्राम भी शामिल है, जिसे सितंबर 2024 में शुरू किया था।

1958 से 2024 तक पाकिस्तान ने IMF से 25 बार में करीब 15 बिलियन डॉलर से ज्यादा कर्ज लिया, जिसमें से कुछ चुका दिया है।

EFF के तहत 7 बिलियन डॉलर की राशि में से सितंबर 2024 में 1 बिलियन डॉलर की पहली किस्त फौरन दी गई। बाकी 6 बिलियन डॉलर अगले 37 महीनों में दिए जाएंगे।

पाकिस्तान कर्ज के जाल में फंस चुका है। विदेशी कर्ज का इस्तेमाल दो प्रमुख चीजों में किया जाता है...

1. कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज: दिसंबर 2020 में चीन ने पाकिस्तान को करीब 12.6 हजार करोड़ रुपए ($1.5 बिलियन) का कर्ज दिया था। इसी समय पाकिस्तान को सऊदी अरब से लिए लोन की किस्त चुकानी थी, जिसमें करीब 8.4 हजार करोड़ रुपए ($1 बिलियन) चले गए।

इसी तरह पिछले साल मार्च में IMF ने पाकिस्तान को लगभग 9.2 हजार करोड़ रुपए ($1.1 बिलियन) का लोन मंजूर किया था। इसके अगले ही महीने पाकिस्तान ने लगभग 8.4 हजार करोड़ रुपए ($1 बिलियन) के मैच्योर हुए यूरो बॉन्ड का पेमेंट कर दिया।

2. विदेशों से जरूरत का सामान खरीदने के लिए: पाकिस्तान पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और गैस का बहुत बड़ा हिस्सा आयात करता है। सितंबर 2024 के पहले हफ्ते में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार करीब महज 79.2 हजार करोड़ रुपए ($9.4 बिलियन) बचा था, जिससे वह सिर्फ एक महीना का आयात कर सकता था।

इस समय पाकिस्तान विदेशों में काम कर रहे अपने अधिकारियों को सैलरी भी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में IMF ने पाकिस्तान के लिए लगभग 59 हजार करोड़ रुपए ($7 बिलियन) के कर्ज को मंजूरी दे दी। चीन, सउदी अरब और UAE जैसे देशों ने भी पाकिस्तान की मदद का आश्वासन दिया था।

इसके अलावा कर्ज का कुछ हिस्सा सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रक्षा बजट को बनाए रखने में जाता है। साथ ही बिजली, पेट्रोल, आटा आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी भी कर्ज से फंड की जाती है। प्रशासनिक खर्च, सरकारी वेतन जैसे ऑपरेशनल खर्चों के लिए भी कर्ज लिया जाता है।

मई 2025 को IMF के एग्जीक्यूटिव बोर्ड की अगली मीटिंग होगी। इसमें पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर यानी करीब 10.9 हजार करोड़ रुपए के कर्ज का रिव्यू किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत 'आतंकवाद' का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान को ये पैसा देने का विरोध कर सकता है।

पिछली बैठक में भारत ने पाकिस्तान के बेलआउट पैकेट पर वोटिंग नहीं की थी। हालांकि, इस बार भारत पाकिस्तान को लोन देने के खिलाफ वोट कर सकता है। भारत का तर्क होगा कि पाकिस्तान IMF फंड का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे आतंकवाद की मदद कर रहा है।

विदेश मामलों के जानकार और JNU के प्रोफेसर राजन कुमार कहते हैं, 'IMF के किसी देश को लोन देने के अलग पैरामीटर्स हैं। IMF मेम्बर्स कई पैमानों पर तय करते हैं कि किसी देश को लोन देना चाहिए या नहीं। इसमें IMF की शर्तें, FATF रैंकिंग और लोन वापस करने की क्षमता को देखा जाता है। भारत मीटिंग में पाकिस्तान के लोन को रुकवाने की कोशिश जरूर कर सकता है, लेकिन पाकिस्तान का लोन रोक पाना फिलहाल मुश्किल है।' पाकिस्तान को अगले चार सालों में 100 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.4 लाख करोड़ रुपए का विदेशी कर्ज चुकाना है। वहीं जुलाई 2025 तक पाकिस्तान को विदेशी कर्ज और ब्याज मिलाकर 30.35 बिलियन डॉलर यानी करीब 2.56 लाख करोड़ रुपए चुकाने हैं।

27 अप्रैल को स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने बताया था कि जून 2025 तक पाकिस्तान का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़कर 14 बिलियन डॉलर, यानी करीब 1.18 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। फिर भी पाकिस्तान पर इससे दोगुना कर्ज होगा। ऐसे में कर्ज चुकाना आसान नहीं होगा।

मई 2024 में IMF ने पाकिस्तान के कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह जताया था। IMF ने कहा कि पाकिस्तान की कर्ज चुकानी की क्षमता पर जोखिम है। यह पाकिस्तान की नीतियों और समय पर बाहरी कर्ज मिलने पर निर्भर करेगा की वे लोन चुका पाएंगे या नहीं।

कर्ज लेना हमेशा देश के लिए खराब नहीं होता। वहीं आमतौर पर इसका महंगाई से कोई सीधा संबंध भी नहीं है। सरकार कर्ज के पैसे को इनकम बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करती है। कर्ज का पैसा जब बाजार में आता है तो इससे सरकार का रेवेन्यू बढ़ता है।

केयर रेटिंग एजेंसी के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस के मुताबिक अगर कर्ज के पैसे का गलत इस्तेमाल हो तो महंगाई बढ़ भी सकती है। जैसे- कर्ज लेकर पैसा आम लोगों में बांट दिया जाए तो लोग ज्यादा चीजें खरीदने लगेंगे। इससे बाजार में चीजों की मांग बढ़ेगी। मांग बढ़ने के बाद आपूर्ति सही नहीं रही तो चीजों की कीमत बढ़ेगी।

पाकिस्तान के मामले में स्थिति अलग है। पाकिस्तान के कर्ज लेने से उसके देश में महंगाई बढ़ी है। इसकी वजह IMF ने पाकिस्तान को लोन देने के बदले सब्सिडी बंद करने की शर्त रखी है। इससे चीजों की कीमतें बढ़ जाती हैं।

पाकिस्तान के अलावा दूसरे देश भी कर्ज लेते हैं, लेकिन वे अपने देश के विकास पर कर्ज के पैसे खर्च करते हैं। पाकिस्तान के केस में ऐसा नहीं है। 2014 में पाकिस्तान की GDP 22.8 लाख करोड़ रुपए ($271 बिलियन) थी। अगले 10 सालों में महज 37% बढ़कर 31.5 लाख करोड़ रुपए ($373 बिलियन) हुई। वहीं इसी दौरान भारत की GDP में 92% तक बढ़ोतरी हुई। इससे यह साफ है कि पाकिस्तान कर्ज में लिए पैसों का इस्तेमाल देश के विकास के अलावा दूसरे कामों में करता है। दिसंबर 2024 में भारत पर कुल विदेशी कर्ज करीब 60 लाख करोड़ ($717.9 बिलियन) है। भारत पाकिस्तान की तरह आर्मी को फंड करने या कर्ज चुकाने कर्ज नहीं लेता, बल्कि देश के विकास और सरकारी योजनाओं पर कर्ज के पैसे खर्च करता है। भारत की GDP में होती बढ़ोतरी इसका सबूत है। 2014 में जहां भारत की GDP $2,039 बिलियन, यानी लगभग 172 लाख करोड़ थी, वह 2024 तक 92% बढ़कर $3,909 बिलियन, यानी लगभग 330 लाख करोड़ हो गई है।

2020 में आई कोविड-19 महामारी के बाद से भारत सरकार कई तरह की सब्सिडी भी दे रहा है। जैसे-

80 करोड़ लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज

करीब 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर

करीब 9 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए

PM आवास योजना के तहत दो करोड़ लोगों को घर बनाने में आर्थिक सहायता

विश्लेषण

अश्विनी वैष्णव




## ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग सथित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंतत : पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। - *राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार



अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।

## ऑफ बीट

### नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

## ट्रेंड

### अदम्य साहस का परिचय



हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई



सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### नए सिद्धांत को आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।

-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

रॉयल पत्रिका

# राजस्थान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति का प्रमुख आधार रहा है। इन मूल्यों से दूर करने के लिए अंग्रेज शासन में लॉर्ड मैकाले ने हमारे यहां अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लागू की। इससे राष्ट्रवासियों में गुलाम मानसिकता विकसित हुई। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने कहा था कि आजादी मिलने के बाद जिस तरह से देश का झण्डा बदला गया वैसे ही यहां की शिक्षा नीति बदलनी चाहिए थी। पर ऐसा नहीं हुआ। इसी आलोक में अब एक हजार शिक्षाविदों ने मिलकर देश में नई शिक्षा नीति तैयार की है। यह पूरी तरह से भारतीयता से ओतप्रोत नैतिक मूल्यों की संवाहक है। इसमें भारतीय संस्कृति और उदात्त जीवन मूल्यों पर ही जोर है। शिक्षकों को चाहिए कि वे इस नीति के आलोक में विद्यार्थियों को शिक्षित व दीक्षित करें।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के 34 वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 75 प्रतिशत से अधिक संख्या बालिकाओं की रहने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब लड़कियां आधी आबादी के गणित को पार कर उपलब्धियों का इतिहास रच रही है। उन्होंने महर्षि अरविंद की चर्चा करते हुए कहा कि अंतर मन को जागृत करने पर जोर देते हुए अरविंद ने बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने की बात कही थी। पंडित नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया में इसका उल्लेख किया है। हमारी नई शिक्षा नीति इसी दृष्टि की पूर्ति करने वाली है।

उन्होंने कहा कि भारत ने ही विश्व को सबसे पहले जीरो का यानी दशमलव का ज्ञान दिया। इसी से विश्व आगे बढ़ा। भास्कराचार्य और उनकी पुत्री लीलावती का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को गुरूत्वाकर्षण का वास्तविक ज्ञान भारत की देन है।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में जब गए तो मात्र 30 साल के थे। इस आयु में उन्होंने पूरे विश्व में भारत की धर्म ध्वजा फहराई। झांसी की रानी ने 20 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा। यह महान चरित्र हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने डिग्री और पदक धारकों को अर्जित शिक्षा का राष्ट्र के उत्थान में उपयोग करने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान में विश्वविद्यालय में कुलपति के स्थान पर अब कुलगुरु की परंपरा के आदेश जारी किए गए हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुलगुरु शब्द में ही शिक्षा का गौरव निहित है। देवनानी ने कहा है कि हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली आज भी प्रासंगिक है। प्राचीन काल से चली आ रही इस समृद्ध और व्यापक ज्ञान प्रणाली ने शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और दर्शन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक योगदान किया है। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि वे शील संस्कार और शालीनता के साथ स्वावलम्बी बने।

देवनानी ने कहा कि प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं था बल्कि स्वयं की पूर्ण प्राप्ति के लिए था। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी जैसे प्राचीन भारत के विश्वस्तरीय संस्थानों ने बहु-विषयक शिक्षण और अनुसंधान के उच्चतम मानक स्थापित किए।

चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट जैसे अनगिनत महान विद्धवानों ने विभिन्न क्षेत्रों में विश्व को महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि समृद्ध विरासत को भावी पीढियों के लिए पोषित और संरक्षित करना होगा ताकि शोध और संवर्धन में नये प्रयोग किये जा सके। देवनानी ने कहा कि भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा।

देवनानी ने कहा कि भारतीय विज्ञान का भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिन्दर में उपयोग किया।

उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा की महती भूमिका बताते हुए इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

उत्तरप्रदेश के राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही की चर्चा करते हुए कहा कि यह समर्थ, सशक्त नया भारत है।

कुलगुरु डॉ. अल्पना कटेजा ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां प्रदान की।

# स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित की



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह विद्याधर नगर स्थित पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत के स्मृति स्थल पहुंचे। उन्होंने शेखावत स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति का राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास में अहम योगदान रहा। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के मूल्यों के अनुरूप कार्य किए। स्व. शेखावत जी ने गरीब, किसान और पिछड़ा वर्ग के लिए अंत्योदय जैसी महती योजना राजस्थान में लागू की, जो कि बाद में पूरे देश में लागू की गई।

शर्मा ने कहा कि स्व. शेखावत का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि उनकी पुण्यतिथि पर हमें सशक्त और समृद्ध राजस्थान बनाने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सांसद डॉ. मंजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में आमजन ने भी स्मृति स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# सक्षम जयपुर अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नियंत्रक आपदा प्रबंधन एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सीकर रोड स्थिति भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में आपदा प्रबंधन जन जागरुकता कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं युद्ध काल के दौरान बचाव के तरीकों से रूबरू करवाया गया। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारियां दी गई। इस दौरान आपातकालीन बचाव पद्धतियों, सीपीआर,बेसिक फायर एवं फायर एक्सटिंग्विशर संचालन अभ्यास भी करवाया गया।

उन्होंने बताया कि जयपुर सक्षम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जिले के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है

जिसमें आमजन को हर आपात परिस्थिति में स्वयं एवं अन्य लोगों के बचाव के लिए बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें गाइडलाइन की भी जानकारी प्रदान की जा रही है।

# ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सभी ने टीम के रूप में सराहनीय कार्य किया

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दर के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस व विभिन्न विभागों ने समन्वय के साथ टीम के रूप में जो काम किया, वह सराहनीय है। इसके लिए उन्होंने सभी को राजस्थान सरकार व मुख्यमंत्री की ओर से बधाई दी। गोदारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाहॉल में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की एकजुटता व सेना के जज्बे को पूरे विश्व ने देखा है। सिविल डिफेंस व अन्य वॉलिन्टयर्स को समय-समय पर प्रशिक्षण देते रहें तथा परिस्थिति के अनुसार एसओपी बना लें। हमें सदैव प्रो-एक्टिव होकर कार्य करना है। जिला प्रभारी मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भूमि उपलब्ध है, वहां तत्काल विकास कार्य प्रारम्भ करें। जहां जमीन की आवश्यकता है, वहां जमीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में उन्होंने मिर्जेवाला में सैनिक स्कूल, गंगासिंह स्टेडियम का विकास, अनूपगढ में इंडोर खेल हॉल, कैंचिया व राजियासर में जीएसएस, सूरतगढ में उपजिला चिकित्सालय, घडसाना में राजकीय महाविद्यालय, छात्रावास, अनूपगढ में मिनी फूड पार्क, रायसिंनगर में ट्रोमा सेंटर, अनूपगढ में परिवहन कार्यालय, श्रीविजयनगर में राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में आजाद टॉकीज के पास अण्डरब्रिज की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए। श्रीगंगानगर में मिनी सचिवालय के लिए 40 करोड़ रूपये की राशि मिलने के पश्चात कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके।

गोदारा ने कहा कि विद्यालयों में अध्ययन कक्षों की कमी नहीं होनी चाहिए। जहां जरूरत है, समसा, एमपी व एमएलए कोटे के तहत निर्माण किया जाए। विद्यालयों में चारदीवारी, पुस्तकालय, शैड, शौचालय सहित सभी सुविधाएं होनी चाहिएं।

उन्होंने जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। अधीक्षण अभियन्ता पेयजल को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जाकर चौपाल लगाएं तथा ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्याओं का समाधान करें। पेयजल परियोजनाओं में कार्मिक उपस्थित रहें तथा सभी फिल्टर प्लांट चालू हालत में होने चाहिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल की उपलब्धता पर चर्चा की तथा निर्देश दिए कि हमारे हिस्से का पूरा पानी किसानों के खेतों तक पंहुचना चाहिए। नहरों की मरम्मत के अलावा



स्वीकृत पक्के खालों का कार्य भी तेज गति से करवाया जाए। उन्होंने कृषि उपज मण्डी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपलब्ध धनराशि से सड़कों का निर्माण व मरम्मत करवाई जाए।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि मिनी सचिवालय के लिये 40 करोड़ का बजट प्राप्त हो गया है। निर्माण कार्य में तेजी लाई जायेगी तथा मिनी सचिवालय परिसर में ऑडिटोरियम का निर्माण भी करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्त कनेक्शन करवा दिये गये हैं तथा जल्द ही इनमें सोलर सुविधा प्रदान की जायेगी।

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों को आमजन तक पहुंचाने में सफल रहे। समय रहते मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट जैसी गतिविधियों के बारे में आमजन के साथ-साथ व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ को भी जागरूक किया गया।

सेना के मूवमेंट की जानकारी नहीं देने, फेक न्यूज, फाल्स कॉल इत्यादि के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया, जिसका लाभ मिला तथा सोशल मीडिया के माध्यम से रेड अलर्ट, ग्रीन अलर्ट की सूचनाएं तत्काल दी गईं।

इस अवसर पर श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव,एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता रीना, सीईओ जिला परिषद गिरधर, न्यास सचिव अशोक असीजा, डीएसओ कविता सिहाग, अधीक्षण अभियंता धीरज चावला, सुमित्रा बिश्नोई, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि विपणन विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में गुरूवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में कृषि विपणन विभाग एवं कृषि विपणन बोर्ड की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

राजन विशाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं को तय समय में पूरा कर कृषकों को लाभ पहुंचाया जाये।

उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि मंडियों में पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित की जाये। मंडियों में साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखे एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रखी जाये। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) की समीक्षा करते हुए कहा कि एफपीओ केवल कृषि क्षेत्र में ही नही बल्कि पशुपालन, मत्स्य और डेयरी जैसे क्षेत्रों में भी काम करें।

उन्होंने मंडी स्थापना के लिए भूमि आवंटन एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में घोषित नई मंडियों की स्थापना का निर्माण कार्य समय पर पूरा कर जल्दी से जल्दी धरातलीय रूप दिया जाये।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग रविन्द्र कुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक संजय व्यास, संयुक्त निदेशक टी .आर. मीणा और उप निदेशक केसर सिंह सहित कृषि विपणन विभाग और विपणन बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत सरकार से प्राप्त पिछले बजट का उपयोगिता प्रमाण पत्र करें प्रेषित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर की अध्यक्षता में गुरुवार को निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की समीक्षा बैठक जयपुर स्थित आईसीडीएस मुख्यालय में आयोजित की गई।

निदेशक आईसीडीएस ने शाखाओं प्रभारियों से उनकी शाखाओं से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

निदेशक ओ पी बुनकर को आईसीडीएस के वित्तीय सलाहकार पदमचंद ने विभाग की ओर से किए गए विभिन्न भुगतान तथा बजट की स्थिति से अवगत कराया। जिस पर निदेशक ने लेखा शाखा से मार्च 2025 में आवंटित बजट में से हुए कम खर्च के कारण पता कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार से प्राप्त पिछले बजट का विभिन्न योजनाओं में किये गए उपयोग का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने निर्देश दिए, ताकि विभाग को भारत सरकार से अगला बजट शीघ्र प्राप्त हो सके।

निदेशक ने निर्देश दिए कि जिलों को बजट उपलब्ध करवाने के साथ ही बजट का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि लक्षित वर्ग को लाभान्वित किया जा सके।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में वार्ड नं. 148 जैन मन्दिर, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, साँगानेर टर्मिनल-1, गौशाला, अलिफ काँटा, शिकारपुरा रोड़, मालपुरा गेट, हल्दीघाटी मार्ग, टोंक रोड़, भामाशाह मार्ग सेक्टर-8, कॉचिंग हब, पन्नाधाय सर्किल, घोड़ा सर्किल एसबीआई बैंक के पास, झोटवाड़ा पुलिया के नीचे, कबानी चौराहा झोटवाड़ा संजय नगर, निवारू रोड़, फतेह मार्केट काँटा चौराहा झोटवाड़ा, विद्याधर नगर सेक्टर-2 हनुमानजी मन्दिर के सामने से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 40 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में वार्ड नं. 148 जैन मन्दिर, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, साँगानेर टर्मिनल-1, गौशाला, अलिफ काँटा, शिकारपुरा रोड़, मालपुरा गेट,

हल्दीघाटी मार्ग, टोंक रोड़, भामाशाह मार्ग सेक्टर-8, कॉचिंग हब, पन्नाधाय सर्किल, घोड़ा सर्किल एसबीआई बैंक के पास, झोटवाड़ा पुलिया के नीचे, कबानी चौराहा झोटवाड़ा संजय नगर, निवारू रोड़, फतेह मार्केट काँटा चौराहा झोटवाड़ा, विद्याधर नगर सेक्टर-2 हनुमानजी मन्दिर के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 40 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## देवनानी शुक्रवार को पत्रकारों को देंगे मनोज माथुर अवार्ड

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को यहां नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्ल ब में आयोजित मनोज माथुर अवार्ड समारोह के मुख्् अतिथि होंगे। देवनानी इस मौके पर प्रिन्ट , इलेक्ट्रॉ निक और डिजिटल क्षेत्र के पत्रकारों को मनोज माथुर अवार्ड प्रदान कर सम्मा्नित करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार ओम सैनी की–नोट स्पीनकर होंगे। वरिष्ठत पत्रकार स्वथ. मनोज माथुर ने प्रिन्टल और इलेक्ट्रॉ्निक मीडिया में कार्य करते हुए सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

## 719 नर्सिंग ऑफिसर का पदस्थापन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदस्थापन के कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 719 नर्सिंग ऑफिसर को प्रदेशभर में विभिन्न रिक्त पदों पर पदस्थापित किया है। निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने बताया कि 8750 पदों के लिए नर्सिंग ऑफिसर भर्ती की प्रक्रिया को पूरा करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने विगत दिनों परिणाम जारी किया था।

# राज्यनसभा सांसद अरुण सिंह से मुलाकात



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से उत्तईर प्रदेश से राज्यड सभा सांसद अरूण सिंह ने गुरूवार को यहां सिविल लाईन्स) स्थित राजकीय निवास पर मुलाकात की। देवनानी ने सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

देवनानी ने सिंह को राजस्थान विधान सभा में एक वर्ष नवाचारों का पुस्तक, राजस्थान विधान सभा की डायरी, कैलेण्डर व राजस्थान विधान सभा का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। देवनानी और सिंह की राजस्थीन और उत्तीर प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्ताकर से चर्चा हुई।

# देश के अक्षय ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान का योगदान सर्वाधिक- ऊर्जा राज्य मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश की अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 500 गीगावाट करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

नागर गुरुवार को जयपुर के होटल मैरियट में इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से आयोजित राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉन्क्लेव के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 222 गीगावाट और सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता लगभग 107 गीगावाट तक पहुंच गई है। इस एनर्जी ट्रांजिशन में राजस्थान अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अक्षय ऊर्जा एवं सौर परियोजनाओं की स्थापना में राजस्थान देश में प्रथम है। वर्तमान में राजस्थान में 4 हजार 630 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क स्थापित हो चुके हैं और 10 हजार 450 मेगावाट के सोलर पार्क निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान को सोलर उपकरणों के विनिर्माण का हब बनाने के लिए राज्य सरकार निवेशकों को पूरा सहयोग दे रही है।

राजस्थान विद्त विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि देश के पंचामृत लक्ष्यों के तहत वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत पूरा करने के लक्ष्य में राजस्थान बैकबोन की तरह काम करेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान पॉवर सैक्टर इनोवेशन में अन्य राज्यों को भी लीड करेगा।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के पूर्व सचिव एवं नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक दीपक गुप्ता ने कहा कि राजस्थान ने कुसुम बी के तहत ऑफ ग्रिड सोलर पम्प लगाने में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि विकेंद्रित सोलर स्थापित करने से ग्रामीण क्षेत्रों में किसान एवं कुटीर उद्योगों को फायदा मिलेगा।

राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आई.टी. सर्विसेज लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक ओम प्रकाश कसेरा ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की असीमित संभावनाए हैं। इन संभावनाओं को हकीकत में बदलने के लिए इंटीग्रटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी बनाई है। इससे प्रदेश में अक्षय ऊर्जा, बायोमास, वेस्ट टू एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन




और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन ने सब्जी मंडी में किया ठंडा शरबत वितरित



बारां, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन बारां इकाई द्वारा सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वालों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शीतल शरबत की बोतल वितरित की गई। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला जिला संगठन इकाई बारां महिला जिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए दिन भर धूप में बैठकर सब्जी बेचने वालों को शीतलता प्रदान करने के लिए शरबत से बनी बोतले वितरित की गई कोषाध्यक्ष बबली अग्रवाल व हेमलता गर्ग ने बताया कि हर समय समाज हित में कार्य करने में हमेशा हमारा संगठन आगे रहता है उसी को ध्यान में रखते हुए नीतू गुप्ता ने अपने संगठन के साथ निर्णय लिया की चिलचिलाती धूप में जो लोग सब्जी बेचते हैं उनको कुछ राहत पहुंचाने के लिए सब्जी मंडी में उपस्थित सभी सब्जी बेचने वालों को शीतल शरबत की बोतल वितरित की गई इस अवसर पर ममता गोयंका, शशि गर्ग, रजनी गोयल, अर्चना गुप्ता, निलेंद्रा गर्ग,अंजना ल मंगल उपस्थिति रही।

# मांगरोल में हुई इनरव्हील क्लब की स्थापना

शब्बीर हुसैन




बारां, (रॉयल पत्रिका)। इनरव्हील क्लब बारां के सहयोग तथा बारां जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया के मार्गदर्शन में बारां जिले के मांगरोल कस्बे में इनरव्हील क्लब की स्थापना हुई। मांगरोल में इनरव्हील क्लब की स्थापना कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनरव्हील क्लब कोटा की डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन स्वाति गुप्ता रही, अध्यक्षता जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने की तथा विशिष्ट अतिथि बिन्द मारू, बारां क्लब अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सचिव किरण जैन रही।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनरव्हील क्लब कोटा की डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन स्वाति गुप्ता ने कहा कि यह नया क्लब इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट-305 का हिस्सा बनेगा, जो भारत में इनरव्हील के 27 जिलों में से एक है। उन्होनें कहा कि इनरव्हील क्लब विश्व का सबसे बड़ा महिला संगठन है, जो 104 देशों में सक्रिय है और भारत में इसके 1,780 क्लबों में लगभग 50,000 महिलाएं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत है।

इस अवसर पर बारां जिले में श्रीबड़ां बालाजीधाम के सामने स्थित महावीर निःशुल्क पशु-पक्षी अस्पताल का दौरा करने का भी अतिथियों को सौभाग्य मिला, जिसे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अपने कर-कमलो से उद्घाटित किया गया था। यह अस्पताल 300 से अधिक पशु-पक्षियों का एक ही समय में निःशुल्क उपचार करने में सक्षम है और इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह पहल पशु कल्याण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है और उर्मिला भाया जैन तथा उनके परिवार के समर्पण को दर्शाती है। यहां पर सभी पशु-पक्षियों का अत्याधुनिक मशीनों की मदद से निःशुल्क उपचार किया जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार एक बच्चे को जन्म उपरान्त माता-पिता पाल-पोस कर बढ़ा करते है ठीक उसी प्रकार बारां जिले में इस इनरव्हील क्लब रूपी पौधे को उनके द्वारा पोषित किया जा रहा है तथा वह सदैव इनरव्हील क्लब के लिए पूरे तन-मन-धन से समर्पित है।

इस अवसर पर नवगठित इनरव्हील क्लब मांगरोल का इनरव्हील क्लब चेयरमेन कोटा स्वाति गुप्ता, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया के नेतृत्व में नवगठित क्लब अध्यक्ष माधुरी बावेल, कोषाध्यक्ष टीना जैन, उपाध्यक्ष अनिता वेद, कोर्डिनेटर टीना पारेता, आईएसओ प्रीति विजय को आपसी सहमति से पदाधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब की विशेष संरक्षक डॉ. सुनीता विजय तथा सक्रिय सदस्य के रूप में किरण पांचाल, मानसी माहेश्वरी, डॉ. आयुषी जैन, शीतल जैन, रोशनी सोनी को मनोनीत किया गया। सामाजिक गतिविधि मंत्री किरण पांचाल को बनाया गया।

इनरव्हील क्लब मांगरोल के नवगठन पर उनके सामाजिक सेवा के इस नए सफर के लिए सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए कहा कि वे आशा करते हैं कि यह क्लब जिले में मैत्री और समाज सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाएगा। क्लब के सभी नए सदस्यों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया गया तथा क्लब सचिव माधुरी बावेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मदन राठौड़ ने ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता पर बीएसएफ जवानों का हौसला बढ़ाया



जैसलमेर,(रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जैसलमेर में भारत-पाक सीमा पर तैनात BSF (सीमा सुरक्षा बल) के वीर जवानों से मुलाकात की। यह दौरा "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के बाद हुआ, जिसमें भारतीय सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि दर्ज की।

मदन राठौड़ ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा "आप सभी के अदम्य साहस और बलिदान के कारण आज पूरा भारत सुरक्षित है। आपकी निष्ठा और राष्ट्रभक्ति हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।"

उन्होंने जवानों के साथ कुछ समय बिताया, उनकी ज़रूरतों और अनुभवों को भी जाना। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं पहले से कहीं अधिक सशक्त और संरक्षित हैं, और भाजपा हर समय सैनिकों के साथ खड़ी है। इस मौके पर उन्होंने जवानों को मिठाई खिलाई और भारत माता की जय के नारों से माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

# जिले में अटल जनसेवा शिविर के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित




बारां, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में गुरुवार को अटल जनसेवा शिविर के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी रूम में आयोजित इस जनसुनवाई में जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के समक्ष रखीं।

जिला कलक्टर ने आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि हर समस्या का समाधान प्रशासनिक स्तर पर शीघ्रता से किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 76 से अधिक शिकायतें और समस्याएँ प्रस्तुत की गईं। इनमें सहकारिता 11, सहायक 1, विद्त 7, सार्वजनिक निर्माण विभाग 3, ग्रामीण विकास 7, राजस्व 31, रसद विभाग दो, चिकित्सा 4, जल संसाधन 1, स्वायत्त शासन 5, वन विभाग 1, पुलिस 6, एसआईपीएफ 2, और पीएचईडी 1 प्रकरण शामिल थे। इसके अतिरिक्त, आबकारी विभाग का एक प्रकरण तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएँ भी सामने आईं।

जिला कलक्टर ने इस अवसर पर कहा कि आमजन की समस्याओं का निवारण करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में तत्काल समाधान प्रदान किया गया, जबकि अन्य मामलों के लिए अतिरिक्त समय और प्रयास की आवश्यकता बताई गई, जिनके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को उसके हक से वंचित न होना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन का उद्देश्य लोगों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।

जनसुनवाई के साथ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सतर्कता समिति की बैठक भी हुई, जिसमें लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई और अगली बैठक से पहले उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों से अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे।

# नशा मुक्ति कैंप संपन्न: 12 नशे के मरीजों को सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में किया भर्ती



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान से अनुदानित नशा मुक्ति केंद्र हनुमानगढ़ में गुरुवार को मानस नशा मुक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशानुसार जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई हनुमानगढ़ द्वारा किया गया।

शिविर के दौरान डॉ. ओ. पी. सोलंकी ने मानसिक रोगों और नशा मुक्ति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें नागरिकों को परामर्श व उपचार प्रदान किया जाता है।

कैंप में विभिन्न प्रकार के नशे व मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। 12 नशे के रोगियों को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया गया, जिनमें से सभी ने नशा छोड़ने की इच्छा जताई। उनकी काउंसलिंग एवं मोटिवेशन कर प्रारंभिक उपचार शुरू किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य जनमानस में नशा मुक्ति व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा रोगियों को समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराना रहा।

इस अवसर पर वरिष्ठ मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ, जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओ. पी. सोलंकी, वार्ड असिस्टेंट मीनाक्षी, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से डीपीओ अंजू बाला एवं त्रिलोकेश्वर शर्मा, डॉ. अंशुल कुमार, संदीप अनेजा, संस्था संचालक रेशम सिंह एवं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टमकोर में शिक्षा दान महोत्सव



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टमकोर में शिक्षा दान महोत्सव अंतर्गत विद्यालय में पूर्व में कार्यरत रही वरिष्ठ अध्यापिका सोनू मौर्य द्वारा अपनी व्याख्याता पद पर पदोन्नति पर विद्यालय को कक्षा-कक्षों हेतु ग्यारह हजार रुपये की लागत के 4 लेक्चर स्टैंड भेंट किये।

इस अवसर पर भूराराम, ख्यालीराम, सुनील कुमार, नविता चौधरी, बेरिसाल मीणा, सुल्तान सिंह, पवन कुमार वर्मा, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार, वंदना कुमारी, परवीन बानो, महेंद्र कुमार शर्मा, सत्यवीर, सुमित्रा राहड़, खुशी मोहम्मद, प्रतिभा ढाका, विक्रम कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

संचालन सुरेंद्र उपाध्याय ने किया। प्रधानाचार्य अरविंद चाहर ने विद्यालय में पूर्व में कार्यरत रही वरिष्ठ अध्यापिका - भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

# कलक्टर एलएन मंत्री ने सुनी आमजन की समस्यायें समाधान के दिये निर्देश



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय जनसुनवाई आज गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। जनसुनवाई में जिला कलक्टर मंत्री ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि आम आदमी की वजह से ही हम यहां बैठे हुये है इसलिये उनकी व्यवस्थित सुनवायी हो और उनकी समस्याओं का समाधान हो। जनसुनवाई में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी भी मौजूद रहे और आवश्यक निर्देश दिये।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर मंत्री ने विभिन्न विभागों के आये हुये प्रकरणों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में कुल 78 प्रकरण की सुनवाई की जिसमें से 4 प्रकरणो का हाथों हाथ निस्तारण किया गया और शेष 74 रहे प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में नये परिवादों में स्वायत्त शासन के 24 प्रकरण, आरडी के 6, राजस्व के 5, पीडब्ल्यूडी के 1, विद्त के 4, जलदाय के 10, पुलिस के 4, वीआईजी के 1 एवं अन्य 9 प्रकरण आये साथ ही रसद, कृषि व सहकारिता विभाग के प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये।

**सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के दिये निर्देश**

इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की और लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पर दर्ज प्रकरणों में निस्तारण में देरी बर्दाश्त नही की जायेगी साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों से सम्पर्क पोर्टल को चैक करते रहने के लिये कहा।

**सतर्कता समिति की बैठक में कुल 9 प्रकरण रखे 4 का निस्तारण**

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने आयोजित जिला सतर्कता समिति की बैठक में 4 प्रकरणों का निस्तारण किया व कुल 9 प्रकरणों की सुनवाई की अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

# जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर काना राम ने जनसुनवाई के दौरान लोगों की परिवेदनाएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 68 से अधिक परिवेदनाओं को सुना। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में अधिकतर मामले रास्ता अवरुद्ध होने, अतिक्रमण और अवैध नाकों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का उपखंड स्तर पर सर्वे करवाकर प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाए।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि रास्ते और अवैध नाकों के प्रकरणों को 15 दिन में प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए और सीमाज्ञान प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ पुलिस जाब्ता सहित रास्ते को खुलवाया जाए। जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय एवं उपखंड अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगली जनसुनवाई से पूर्व, पूर्ववर्ती सुनवाई के सभी प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित करें। इसके अलावा, जिला कलेक्टर ने बिना सक्षम अनुमति संचालित हो रही फर्टिलाइज़र व जिप्सम फैक्ट्रियों का संयुक्त निरीक्षण करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई में आमजन ने रास्ते खुलवाने, अतिक्रमण हटाने, अवैध नाकों पर कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, डिक्री की तामील, पालनहार योजना का लाभ, तथा कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु ज्ञापन सौंपे। सनसिटी एंक्लेव के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी का परिवाद सौंपा, वहीं तलवाड़ा झील की विमला देवी ने नाली में मिट्टी भरकर जल निकासी रोकने की शिकायत की। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने बीडीओ को मिट्टी हटाने के निर्देश दिए।

# लाडनूं में राजस्थानी भाषा व साहित्य में स्नातक-स्नातकोत्तर एवं डाक्टरेट करने की सुविधा शुरू




लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) में अध्ययन-अध्यापन में अब एक विषय और जुड़ गया है। अब यहां राजस्थानी भाषा एवं साहित्य पर बी.ए., एम,ए, और पीएचडी तक किया जा सकेगा। इस सम्बंध में विश्वविद्यालय की एकेडमिक कौंसिल ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। आगामी सत्र से इसकी शुरूआत की जा रही है। राजस्थानी भाषा साहित्य शोध केन्द्र के प्रभारी प्रो. लक्ष्मीकांत व्यास ने बताया कि जैन विश्व विश्वभारती संस्थान की एकेडेमिक कांउसिल द्वारा विश्वविद्यालय में राजस्थानी भाषा और साहित्य के अध्ययन एवं अध्यापन हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस विश्वविद्यालय द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर राजस्थानी भाषा और साहित्य विषय से संबंधित अध्यापन कार्य किया जाएगा। स्नातक स्तर पर बी.ए. कक्षाओं में दो वैकल्पिक विषयों के साथ तृतीय विषय के रूप में राजस्थानी साहित्य को लिया जा सकेगा। बी.ए. पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सैमेस्टर में सामान्य हिन्दी अथवा सामान्य अंग्रेजी के साथ सामान्य राजस्थानी का भी चयन किया जा सकेगा। आगामी सत्र से ही एम.ए. स्तर पर भी राजस्थानी साहित्य के पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के राजस्थानी भाषा साहित्य शोध केन्द्र को पीएच. डी. उपाधि के शोध कार्य करवाने हेतु भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर पर राजस्थानी साहित्य विषय लेने वाली छात्राओं को जोधपुर की एक संस्था द्वारा छात्रवृति भी प्रदान की जाएगी। जैन विश्वभारती संस्थान प्राच्य विधाओं के अध्ययन-अध्यापन, शोध आदि का प्रमुख केन्द्र है। यहां हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं के साथ प्राकृत व संस्कृत के लिए पृथक् विभाग बना हुआ है तथा उनमें व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जैन विश्वभारती संस्थान को देश का प्राकृत भाषा का प्रमुख केन्द्र बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है और अब यह विश्वविद्यालय राजस्थानी भाषा और साहित्य पर भी बड़े पैमाने पर काम शुरू कर रहा है।

# एमसीएचएन दिवस पर किया गया टीकाकरण



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले में गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीके लगाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि गुरुवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सत्रों का आयोजन कर टीकाकरण किया गया। वंचित बच्चों का टीकाकरण कर इसकी प्रविष्टियां यूविन पर दर्ज की गयी। जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। जिले के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया।

गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था, टीकाकरण, पोषण, संतुलित आहार, बच्चों का वजन लिया गया, समय पर एएनसी चेकअप करवाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव व पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। निरामय राजस्थान अभियान की इस माह की थीम के बारे में जानकारी देते हुए, लू तापघात व भीषण गर्मी में पानी का उचित मात्रा में सेवन करने व संतुलित आहार लेने के बारे में जागरूक किया गया।

आयोजित किए गए सत्रों का जिला स्तरीय, खंड स्तरीय अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर ओडीके एप पर इंद्राज भी किया गया। व्यवस्थाऐं जांची गई व अधिकारियों द्वारा रिकॉर्ड संधारण की जांच भी की गई।

# मानवीय दृष्टिकोण रखकर करें प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण: जिला कलक्टर




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के माननीय भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हेतु गुरुवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा भी की। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने, असंतुष्ट परिवादियों से दूरभाष पर वार्ता कर उनके संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

जनसुनवाई में आए 86 प्रकरण:- जनसुनवाई में विरासत का नामांतकरण खुलवाने, सीमाज्ञान करवाने, पटवारी हल्का शेरपुर एवं गिरदावर खिलचीपुर द्वारा न्यायालय के आदेशों की पालना करवाने, सड़क, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने, नगर विकास न्यास की भूमि से अतिक्रमण हटवाने, सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढ़ी करवाने, नामांतरण खुलवाने, सीसी रोड़ बनवाने, ई-मित्र कियोस्क का शुल्क जमा करवाने, अधिक जमा उपकर राशि लौटाने, विद्त कनेक्शन से नाम हटवाने, पेंशन स्वीकृत करवाने, खेत को जबरन जोतने की धमकी देने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करवाने, हम्मीर ब्रिज विस्तार योजना में अवाप्त मकान का मुआवजा दिलवाने, नियमित व सुचारू विद्त आपूर्ति करवाने, बिजली के पोल का सीधा खड़ा करवाने, गौशाला का सीमाज्ञान करवाने, गैस सब्सिडी दिलवाने, विकलांग पेंशन योजना का लाभ दिलवाने सहित कुल 86 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अगली जनसुनवाई में पुनः प्रस्तुत नहीं हो, इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

उन्होंने सुनारी, चौथ का बरवाड़ा एवं दुब्बी बनास में हो रहे अतिक्रमणों की जांच कर अतिक्रमियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं अतिक्रमियों को पाबंद करने निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए।

## दो दशकों की साझेदारी, प्रगति और बदलाव का जश्न मनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने अपनी सबसे विशाल डिस्ट्रीब्यूटर मीट—शूकेस 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 180 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स एक मंच पर इकट्ठा हुए, जिन्होंने 'मुव टुगेदर एण्ड ग्रो टुगेदर' की थीम के साथ साझा विकास, उद्यमिता एवं आपसी सहयोग की दो दशकों की यात्रा का जश्न मनाया। कैंपस की विचारधारा 'मुव यॉर वे' से प्रेरित यह आयोजन ब्रांड की उस दृढ़ सोच का प्रतीक था, जो व्यक्तिगत पहचान, रूपांतरण और प्रगति में विश्वास रखती है— एक ऐसा साझा जो सामूहिक भावना की शक्ति पर आधारित हैं। चाहे यह व्यवसाय में पहला कदम रहा हो या किसी चुनौती के बाद पुनः उभरने की यात्रा— कार्यक्रम के दौरान ऐसी हर कहानी का जश्न मनाया गया जो एक साथ मिलकर आगे बढ़ते हुए प्रत्यास्थता का प्रमाण देती है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण ओगिल्वी द्वारा परिकल्पित एक भावनात्मक



फिल्म थी, जो कैंपस के डिस्ट्रीब्यूटर परिवार की असली कहानियों को जीवन्त रूप में प्रस्तुत करती है। सेल्समैन से सफल उद्यमी बनने तक की यात्रा हो या व्यक्तिगत और आर्थिक कठिनाइयों के बाद व्यापार को दोबारा खड़ा करने की कहानी— इस फिल्म ने साहस, विश्वास और साझी सफलता से भरे सफरों को सम्मानित किया। हर कहानी में एक भावना बार-बार उभरकर सामने आई— कैसे कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड के चेयरमैन श्री एच.के. अग्रवाल की मार्गदर्शिका, समर्थन और विश्वास ने न सिर्फ व्यवसायों को, बल्कि ज़िंदगियों को भी बदला हैं। शूकेस 2025 न सिर्फ एक उपलब्धि है- बल्कि हमारे प्रयोजन और हमारी साझेदारियों की पुष्टि है। श्री निखिल अग्रवाल, होल-टाईम डायरेक्टर एवं सीईओ, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा। हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स बिज़नेस पार्टनर्स से कहीं बढ़कर है- वे हमारी यात्रा के सह-निर्माता हैं। हम ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जो डिज़ाइन, इनोवेशन एवं युवाओं की संस्कृति से प्रेरित है, ऐसे में हम भरोसे और साझा महत्वाकांक्षा के साथ जुड़े हुए हैं। हमें गर्व है कि हम उनके साथ मिलकर विकसित हो रहे हैं और एक साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम के डिजिटल-उन्मुख भाव को ध्यान में रखते हुए शूकेस 2025 से पहले एआई-पावर्ड पर्सनलाइज़्ड निमंत्रण भेजे गए थे, जिसने इस सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए और टेक्नोलॉजी-संवर्धित अनुभव की नींव रखी। डिस्ट्रीब्यूटर्स को एक निर्धारित - क्सपेरिएंशियल प्रोडक्ट ज़ोन के माध्यम से ब्राण्ड की भावी यात्रा के बारे में जानने का मौका मिला- इस इंटरैक्टिव स्पेस में उन्होंने कैंपस के नए डिज़ाइनों एवं इनोवेशन्स का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में एक ज़ोन में एआर और एआई की मदद से टेक-पावर्ड फोटोबूथ भी बनाया गया था—जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स इवेंट ज़ोन्स से प्रेरित थीम्ड बैकड्रॉप्स चुन सकते थे, कैंपस शूज़ के साथ अपने लुक को पर्सनलाइज़ कर सकते थे, और चेयरमैन श्री एच.के. अग्रवाल के साथ एक यादगार पल कैमरे में कैद कर सकते थे।

## शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,516.2 करोड़ के राजस्व का आंकड़ा पार किया

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा- हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हमने अब तक का सर्वाधिक राजस्व 2,516.2 करोड़ दर्ज किया, जो वर्ष दर वर्ष 83.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ में 188.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह 408.4 करोड़ तक पहुंच गया।

यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। साथ ही, ऑपरेशन में दक्षता पर हमारे निरंतर ध्यान ने लाभ और मार्जिन को भी सशक्त किया है।

हमारी वित्तीय सतर्कता का प्रमाण है कि हमने एफवाय25 में उच्च राजस्व के बावजूद रसीवेबल डेज़ को प्रभावी ढंग से घटाया है। एफवाय24 में जहाँ रसीवेबल डेज़ 178 से अधिक थे, वहीं एफवाय25 में यह घटकर 152 दिन रह गए हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह ट्रेंड और बेहतर होगा।

हमारा निर्यात व्यवसाय लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें एफवाय25 में 52.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 436.8 करोड़ का राजस्व दर्ज किया गया। अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और मिडिल ईस्ट जैसे क्षेत्रों में हमारी मजबूत उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि यह व्यवसाय स्टेबल और सस्टैनबल बना रहेगा।

# पस्त पड़ा है बिस्किट बनाने वाली कंपनी का शेयर, एक्सपर्ट बोले- मुनाफे के लिए खरीदो



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो बिस्किट, ब्रेड जैसे बेकरी खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर बुधवार को बिकवाली मोड में नजर आए लेकिन इसको लेकर एक्सपर्ट बुलिश हैं। तमाम एक्सपर्ट इस शेयर को खरीदने की सलाह दे रहे हैं। बता दें कि अभी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर 5450 रुपये के नीचे कारोबार कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि किस एक्सपर्ट ने क्या टारगेट प्राइस दिया है।

### ब्रोकरेज का अनुमान

ब्रोकरेज प्रभुदास लीलाधर ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के शेयर के लिए टारगेट प्राइस 5941 रुपये दिया है। एलारा सिक्योरिटीज ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की रेटिंग घटाकर कम कर दी है। इस डाउनग्रेड के बावजूद, एलारा ने ब्रिटानिया के लिए अपने लक्ष्य मूल्य को 5,200 से बढ़ाकर 5,710 कर दिया है।

### कैसे रहे मार्च तिमाही के नतीजे

बीते दिनों ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इस तिमाही में मुनाफा 4.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 559.13 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मुनाफा 536.61 करोड़ रुपये रहा था। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में उत्पाद बिक्री से कंपनी का राजस्व नौ प्रतिशत बढ़कर 4,375.57.30 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही में परिचालन आय 8.9 प्रतिशत बढ़कर 4,432.19 करोड़ रुपये हो गई।

**खर्च और कमाई-** जनवरी-मार्च तिमाही में ब्रिटानिया का कुल खर्च 10.34 प्रतिशत बढ़कर 3,738.63 करोड़ रुपये हो गया। कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) 8.9 प्रतिशत बढ़कर 4,495.21 करोड़ रुपये हो गई। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में मुनाफा दो प्रतिशत बढ़कर 2,177.86 करोड़ रुपये हो गया।

**डिविडेंड का ऐलान-** ब्रिटानिया ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए एक रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 75 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की।

इसके अलावा ब्रिटानिया के निदेशक मंडल ने मैनेजमेंट में बदलाव भी किया। कंपनी ने वरुण बेरी को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी नामित किया है।

## पाकिस्तान ने कराया चीन का कराया भारी नुकसान! इस एक वजह से ड्रैगन्स में मचा हड़ंकप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन की डिफेंस कंपनियों के शेयरों में लगातार भारी गिरावट देखी जा रही है। अधिकतर कंपनी के शेयर क्रैश हो रहे हैं। दरअसल, भारत द्वारा पाकिस्तान में चीन की धाकड़ फाइटर जेट गिराए जाने के बाद से ही डिफेंस शेयरों में गिरावट आ रही है। इसके अलावा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते के बाद और चीन ने निवेशकों में टेंशन का माहौल है। बता दें कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा ग्राहक है। पाकिस्तान चीन से हथियार खरीदता है। ऐसे में युद्ध पर विराम लगने से चीनी निवेशकों को नुकसान हो रहा है। हैंग सेंग चाइना ए एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडेक्स लगातार दूसरे सत्र में 1.3 प्रतिशत टूट गए।

**इन शेयरों में गिरावट-** इंडेक्स के प्रमुख कंपोनेंट, जिनमें चाइना एयरोस्पेस टाइम्स इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (लॉन्ग मार्च लॉन्च व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड), ब्राइट लेजर टेक्नोलॉजीज, नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप रेड एरो कंपनी, शीआन ट्रायंगल डिफेंस, चाइना स्पेससैट, बीजिंग बेई और एवीआईसी एयरक्राफ्ट शामिल हैं।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल केयरगिवर्स को प्रशिक्षण प्रदान कर दे रहा विश्वस्तरीय अवसर



**मुंबई एजेंसी।** एनएसडीसी इंटरनेशनल दुनिया भर में केयरगिविंग सेगमेन्ट में कौशल की खामियों को दूर करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने ग्लोबल हेल्थकेयर की क्षमता बढ़ाने के लिए तकरीबन 1 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि दुनिया भर में इन प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। अब तक संगठन हज़ारों कुशल केयरगिवर्स को जर्मनी, जापान, यूके और इज़रायल जैसे देशों में नौकरियों के अवसर उपलब्ध करा चुका है। इस प्रशिक्षण के तहत उम्मीदवारों को विशेष सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण तथा अंग्रेज़ी, जर्मन एवं जापानी भाषाओं में कौशल प्रदान किया गया है। ताकि उनकी रोज़गार क्षमता बढ़े और वे दुनिया के विभिन्न कोनों में अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों में नौकरी पाकर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें। हाल ही में कुछ प्रमुख जापानी एवं जर्मन कंपनियों ने एनएसडीसी इंटरनेशनल (एनएसडीसी की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी) के उम्मीदवारों को आकर्षक वेतन के साथ नौकरी दी थी, जो संगठन द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाता है।

## मिलिये स्टाइलिश सासु मांओं से, जो अपने आइकॉनिक साड़ी लुक्स से टीवी पर फैशन को दे रही हैं नया मुकाम!

**मुंबई, एजेंसी।** जब बात दिलों पर राज करने और स्टाइल का ट्रेंड सेट करने की हो, तो टेलीविज़न की आइकॉनिक सासुएं हमेशा आगे रही हैं – परंपरा की मिठास, रंगों की चमक और अपने दिलकश अंदाज़ के साथ! प्रसिद्ध ऐक्टर्स हिमानी शिवपुरी और सोमा राठौड़ क्रमशः 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा और 'भाबीजी घर पर हैं' में रामकली (अम्मा) की अपनी प्यारी भूमिकाओं के लिये मशहूर हैं। उन्होंने अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीता है, बल्कि अनापेक्षित रूप से फैशन आइकन्स बनकर भी उभरी हैं। इनकी साड़ियों की स्टाइल, जिनमें रंग-बिरंगे कॉटन से लेकर रिच बनारसी साड़ियां तक शामिल हैं, हर पीढ़ी के फैन्स को आज भी प्रेरित करती है। हर एपिसोड के साथ टीवी की ये सासू मांएं भारतीय कारीगरी और पारंपरिक तरीके से बनाये गये परिधानों को फिर से जीवंत करती है, जिससे देसी फैशन ना सिर्फट्रेंडी बल्कि गर्व और प्रेरणा का कारण बन जाता है। हिमानी शिवपुरी, जो कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, कटोरी अम्मा का वाइब्रेंट कॉटन साड़ियों के साथ विंटेज ज्वैलरी पहनने का अंदाज दर्शकों को पसंद है। मैं हमेशा से ही साड़ियों की शौकीन रही हूं, और इस भूमिका ने मुझे भारतीय कारीगरों द्वारा बनाई गई कुछ बेहद खूबसूरत साड़ियां पहनने का मौका दिया है। मुझे बेहद खुशी होती है और संतोष मिलता है जब फैंस, खासकर महिलाएं, शो में पहनी जाने वाली साड़ियों के बारे में बात करती हैं। मुझे याद है कि हाल ही में लखनऊ यात्रा के दौरान, जब मैं एक व्यस्त बाजार में साड़ी खरीद रही थी, एक दुकानदार ने अचानक मुझे पहचान लिया और कहा, 'अम्मा जी, आपका शो तो रोज़ देखता हूं, और आपकी साड़ी का स्टाइल बहुत पसंद है, लोग कहते हैं कि कटोरी अम्मा वाली साड़ी दिखाइए!' वह पल सच में मुझे छू गया। यह अविश्वसनीय है कि एक काल्पनिक किरदार असल ज़िंदगी के फैशन निर्णयों पर इस तरह का प्रभाव डाल सकता है और दर्शकों से गहरा जुड़ाव बना सकता है। साड़ियां हमेशा मेरे दिल के करीब रही हैं।

# गुरुग्राम में 298 ट्रंप रेजिडेंसिज लॉन्च

### पहले दिन ही सभी बिके, कीमत सुनकर रह जाएंगे दंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में लॉन्च हुए ट्रंप रेजिडेंसिज के सभी 298 अपार्टमेंट पहले ही दिन बिक गए। कुल 3,250 करोड़ रुपये की सेल हुई। स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स और ट्राइबेका डेवलपर्स ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दिल्ली-एनसीआर में बेहद लक्जरी ब्रांडेड रेजिडेंसीज की बढ़ती मांग इस प्रोजेक्ट की तेजी से बिक्री से साफ दिखती है।

- **रेजिडेंसिज की कीमत 8 करोड़ से 15 करोड़ रुपये-** सेक्टर 69, गुरुग्राम में बने इन रेजिडेंसिज की कीमत 8 करोड़ से 15 करोड़ रुपये के बीच है। यहां दो टावर हैं, जिनमें से हर एक 51 मंजिल ऊंचा है। यह प्रोजेक्ट द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर बनाया जा रहा है, जो दुनिया भर में अपने ब्रांड वाले लक्जरी प्रोजेक्ट्स के लिए मशहूर है। इस प्रोजेक्ट में स्मार्टवर्ल्ड निर्माण, डेवलपमेंट और ग्राहक अनुभव की जिम्मेदारी संभाल रहा है, जबकि ट्राइबेका डिजाइन, मार्केटिंग, सेल्स और क्वालिटी कंट्रोल की देखरेख कर रहा है।

स्मार्टवर्ल्ड के संस्थापक पंकज बंसल ने कहा, ट्रंप रेजिडेंसिज को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स भारत में विश्वस्तरीय जीवन की आकांक्षा का प्रमाण है। ट्राइबेका के संस्थापक कल्पेश मेहता ने कहा, यह लॉन्च ट्रंप ब्रांड की अद्वितीय पहचान और भारत के समझदार खरीदारों पर इसके प्रभाव को दिखाता है।

- **भारत में ट्रंप-ब्रांडेड रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट-** गुरुग्राम में यह ट्रंप-ब्रांडेड रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट दूसरा और भारत में छठा है। अब तक भारत में पुणे, मुंबई, कोलकाता और गुरुग्राम के चार प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं।

अमेरिका के बाहर भारत ट्रंप ब्रांड का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। इस साल की शुरुआत में स्मार्टवर्ल्ड और ट्राइबेका ने गुरुग्राम प्रोजेक्ट के लिए 2,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इसके अलावा, मार्च 2025 में ट्राइबेका ने कुंदन स्पेसेज के साथ मिलकर पुणे में 2,500 करोड़ के ट्रंप वर्ल्ड सेंटर (कमर्शियल प्रोजेक्ट) की शुरुआत की थी।

### पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट लॉन्च किया

# अब ग्राहक 10 प्रतिशत से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर नॉन-होम लोन ले सकते हैं

- प्रॉपर्टी पर लोन, कमर्शियल प्लॉट खरीद, प्लॉट पर लोन और किराया आधारित लोन (लीज रेंटल डिस्काउंटिंग) पर मिलेगा यह लोन
- लोन की अवधि अधिकतम 15 साल तक होगी

**मुंबई एजेंसी।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एक नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट पेश किया है। इस लोन के जरिए ग्राहक अब संपत्ति के बदले ऋण, वाणिज्यिक भूखंड खरीद, भूखंड के बदले ऋण और लीज रेंटल डिस्काउंटिंग जैसी सुविधाएं ले सकते हैं, वो भी 10 प्रतिशत से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर। इस नए समाधान का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पात्रता मानदंडों के आधार पर ऋण तक आसान पहुँच को संभव बनाना है।

बंधक आधारित लोन पर निश्चित ब्याज दर होने से ग्राहकों को अपने वित्तीय भविष्य की योजना बनाने में आसानी होती है, क्योंकि इसमें ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव या लोन अवधि बढ़ने का जोखिम नहीं होता। पीएनबी हाउसिंग का यह फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन उत्पाद 15 साल तक की पुनर्भुगतान अवधि के साथ आता है, जिससे आसान ईएमआई और लंबी अवधि की वित्तीय योजना संभव होती है। इसके साथ ही, ग्राहक जल्दी प्रोसेसिंग, अपनी ज़रूरत के अनुसार पात्रता मानदंड और घर बैठे सेवा जैसी सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे लोन लेना आसान और बिना किसी झंझट के हो जाता है।

इस मौके पर पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और सीईओ श्री गिरीश कौसगी ने कहा- भारत में लोन से जुड़े नियम और तरीके तेजी से बदल रहे हैं। लोग अब स्थिर और भरोसेमंद लोन विकल्प चाहते हैं। स्थिर और पारदर्शी क्रेडिट विकल्पों की बढ़ती मांग को देखते हुए, हम अपने फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन समाधान पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो उधारकर्ताओं के लिए अधिक वित्तीय स्थिरता के साथ सुरक्षित ऋण प्रदान करता है। पीएनबी




हाउसिंग फाइनेंस में, हमारा उद्देश्य बाजार की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करना और अपने ग्राहकों को नवीन और बेहतर, उत्तरदायी वित्तीय समाधानों के माध्यम से सशक्त बनाना है, जो विकास और सुरक्षा दोनों को बढ़ावा देते हैं। वर्तमान में पीएनबी हाउसिंग के कुल रिटेल लोन में से करीब 28.5 प्रतिशत नॉन-होम लोन हैं, जिसकी औसत टिकट साइज 27 लाख (31 मार्च 2025 तक) है। यह लॉन्च पीएनबी हाउसिंग के व्यापक उद्देश्य का हिस्सा है, जिसके तहत वह देश भर में अपनी 356 शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करते हुए इस पोर्टफोलियो को मजबूत करना चाहता है। कंपनी लगभग चार दशकों की विरासत के साथ वित्तीय समावेशन को सुलभ और नवोन्मेषी समाधानों के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ब्राइट आउटडोर मीडिया बना इंडिया - 2047 समिट का आधिकारिक आउटडोर मीडिया पार्टनर







**मुंबई।** ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड (बीएसई - 543831), भारत के आउटडोर विज्ञापन जगत में एक प्रतिष्ठित नाम, को गर्व है कि उनको 6 मई 2025 को नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम में आयोजित एबीपी न्यूज़ इंडिया ञ्च 2047 समिट में आधिकारिक आउटडोर मीडिया पार्टनर बनने का मौका मिला।

यह ऐतिहासिक सम्मेलन राजनीति, उद्योग, मनोरंजन और रोमांच की दुनिया की जानी-मानी हस्तियों का संगम था, और इसका मुख्य आकर्षण रहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण, जिसमें उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में देश की यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की।

विशेष आउटडोर मीडिया प्रदाता के रूप में, ब्राइट आउटडोर मीडिया केविस्तृत डिजिटल और स्थैतिक डिस्प्ले नेटवर्क ने सम्मेलन की ब्रांडिंग, लाइव अपडेट्स और वक्ताओं की मुख्य झलकियों को प्रमुख क्षेत्रों और स्थानों पर प्रदर्शित किया।

इन सभी ने तकनीक, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना और सांस्कृतिक पुनरुद्धार जैसे विषयों पर विचार साझा किया, जो भारत के भविष्य की बुनियादी आधारशिला माने जा रहे हैं।

यह साझेदारी ब्राइट आउटडोर मीडिया के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रही, जिसमें कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने नेटवर्क की पहुंच और प्रभाव को दर्शाया। इसने यह सिद्ध किया कि ब्राइट आउटडोर मीडिया बड़े पैमाने की, उच्च दृश्यता वाली अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है, और ऐसे भविष्य-उन्मुख प्रतिष्ठित आयोजनों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

## ताकत सिर्फ एक्शन में नहीं, इरादों में भी होती है : पलक तिवारी

**मुंबई।** एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'रोमियो एस3' में पलक तिवारी एक बहादुर और उसूलों पर चलने वाली पत्रकार का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म पेन स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी है और इसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। पलक पहली बार एक्शन से भरी फिल्म में नजर आएंगी और उनका किरदार कहानी में एक खास मायने रखता है। पलक तिवारी ने कहा कि मैं इस फिल्म में एक निडर और जिज्ञासु पत्रकार का किरदार कर रही हूं, जो हमेशा अपने उसूलों पर कायम रहती है। यह रोल मुझे इसलिए अच्छा लगा क्योंकि पेन स्टूडियोज़ और जयंतीलाल गड़ा जी का सपोर्ट था, जिससे मुझे इस रोल को निभाने का कॉन्फिडेंस मिला। पलक तिवारी ने कहा कि यह अनुभव काफी मजेदार था। यह मेरे लिए नया था, और सेट पर जो माहौल था, वो मुझे बहुत प्रेरित करने वाला था।

## एक्सिस बैंक ने नवी मुंबई में एक हाई-परफॉरमेंस शूटिंग सेंटर शुरू करने के लिए लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ की साझेदारी



**मुंबई एजेंसी।** भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने देश के खेल परितंत्र को मज़बूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप नवी मुंबई में अत्याधुनिक 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉरमेंस सेंटर' (एचपीसी) स्थापित करने के लिए लक्ष्य शूटिंग क्लब (एलएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव × हेड - होलसेल बैंक कवरेज सस्टेनेबिलिटी, श्री विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की चेयरमैन, सुश्री सुमा शिरूर ने मुंबई में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह विशेष शूटिंग सेंटर उभरते निशानेबाजों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, व्यापक एथलेटिक विकास कार्यक्रम और सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियां प्रदान करेगा। यह ओलंपिक स्तर के शीर्ष निशानेबाजों को भी तैयार करेगा, और संभावित प्रतिभाओं की खोज के लिए एक खुला और समावेशी मंच बनाने का प्रयास करेगा। इस सहयोग का उद्देश्य भारत को निशानेबाजी खेलों में उत्कृष्टता के लिए वैश्विक मानचित्र पर लाना है।



# 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने घबरा गईं सामंथा?

सामंथा रूथ साउथ की मशहूर एक्ट्रेस हैं, अब वह हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आती हैं। साउथ फिल्मों में उनकी इमेज चुलबुले किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस की रही लेकिन एक फिल्म में आइटम डांस करके एक्ट्रेस ने अपनी इमेज को बदल दिया। इसी गाने की शूटिंग करना सामंथा के लिए काफी मुश्किल रहा। शूटिंग से जुड़े एक्सपीरियंस को साझा कर रही हैं, सामंथा।

## आइटम डांस को चुनौती की तरह लिया

हाल ही में बातचीत में सामंथा कहती हैं, 'अपनी पूरी जिंदगी में मैंने खुद को एक हॉट लड़की नहीं माना। लेकिन फिल्म 'पुष्पा' के ऊ अंटावा आइटम सॉन्ग का जब ऑफर मिला तो मुझे लगा कि हां मैं ऐसी दिख सकती हूं। दरअसल, मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया था। यह गाना मेरे लिए एक चुनौती था।'

## डांस से पहले नर्वस थी

सामंथा आगे कहती हैं, 'मुझे असल में हॉट दिखना था? मैं हमेशा क्यूट, चुलबुली लड़की का किरदार निभाती थी। लेकिन यह आइटम डांस अलग था, इस डांस में मैं ऐसी दिखी, जो मैं असल में नहीं हूं। वैसे इसे गाने को करते हुए मैं बहुत नर्वस थीं। मैं शॉट से पहले 500 जूनियर आर्टिस्ट के सामने कांप रही थी।' एक्ट्रेस सामंथा के करियर फ्रंट की बात करें तो पिछले साल वह एक वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में दिखीं, इसमें वरुण धवन भी थे। वह एक वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' भी कर रही हैं। बतौर प्रोड्यूसर भी सामंथा की एक फिल्म इस साल रिलीज होगी। सामंथा ने यह भी घोषणा की थी, उनके प्रोडक्शन हाउस तले बनने वाली फिल्मों में सभी को समान वेतन मिलेगा।



# प्रियंका चोपड़ा ने सैफ अली खान के लाडले को दी क्या सलाह?

फिल्म 'नादानियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले एक्टर इब्राहिम अली खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। अपनी पहली फिल्म के बाद इब्राहिम को मिले-जुले रिएक्शन्स मिले। इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकारों ने इब्राहिम को सलाह दी। ऐसा ही एक संदेश ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा की तरफ से भी सैफ के लाडले को मिला। इब्राहिम ने अब एक इंटरव्यू में इसका जिक्र किया है।

## इब्राहिम को प्रियंका चोपड़ा की सलाह


'जी क्यू इंडिया' के साथ इंटरव्यू में अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए इब्राहिम ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म देखने के बाद उन्हें एक मैसेज भेजा। इब्राहिम ने कहा, 'प्रियंका ने मैसेज भेजा कि उन्हें मेरी फिल्म पसंद आई है और मेरा भविष्य काफी ब्राइट है।' आगे बात करते हुए इब्राहिम ने कहा, 'उन्होंने मुझे कहा कि बस ऐसे ही मेहनत करते रहो और हमेशा ऐसे ही आगे बढ़ते रहना। प्रियंका जैसी सुपरस्टार से ये बात सुनना मेरे लिए काफी प्रेरणादायक था। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला।'

## एक्टिंग को करियर क्यों चुना?


इस इंटरव्यू में इब्राहिम ने बताया कि उन्हें बहुत कम उम्र से ही फिल्मों की दुनिया को करीब से देखा है। वो अक्सर अपने पिता के साथ सेट पर जाया करते थे और वहीं से उनके दिल में अभिनय का बीज पड़ा। हालांकि, एक्टिंग को करियर के रूप में लेने का फैसला उन्होंने खुद की इच्छा से लिया और इस पर कोई बाहरी दबाव नहीं था। फिल्म 'नादानियां' के प्रदर्शन



पर बात करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी पहली फिल्म वैसी नहीं निकली जैसी वह चाहते थे। उन्होंने कहा, मैं इस फिल्म से बहुत कुछ सीखने की कोशिश कर रहा हूं और अपने प्रदर्शन को लेकर ईमानदार हूं। मैं अपनी गलतियों को सुधारने और आगे बेहतर करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं।



# मुझसे शादी करोगी के सीक्वल में पहली बार साथ दिखेंगे कार्तिक-वरुण



2004 की हिट लव ट्रायंगल कॉमेडी फिल्म मुझसे 20 शादी करोगी का सीक्वल बनने जा रहा है। पहले पार्ट में सलमान खान, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में थे। इस बार नई पीढ़ी के चहेते एक्टर कार्तिक आर्यन और वरुण धवन पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है। इसकी स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। साजिद को लगता है कि वरुण और कार्तिक की कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को खूब हंसाएगी। डेविड धवन ही इस बार भी निर्देशन करेंगे। फिल्म की रिलीज अगले साल होने की संभावना है। आने वाली फिल्मों की बात करें तो वरुण सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, है जवानी तो इश्क होना है और बॉर्डर 2 में दिखाई देंगे। वहीं कार्तिक, तू मेरी मैं तेरा... मैं तेरा तू मेरी और नागजिला जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# ये जोखिम लेना चाहती हैं अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे को हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था। उन्होंने कहा है कि वह और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रोल अदा करने के लिए तैयार हैं। अनन्या ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह गहराइयां और सीटीआरएल जैसी में नजर आईं। हर फिल्म में उनकी अलग काबिलियत दिखाई दी है। अनन्या पांडे चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करना चाहती हैं। पति पत्नी और वो और ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में काम करने के बाद, अनन्या को लगता है कि अगर वह सिर्फ एक शैली तक ही सीमित रहती हैं, तो यह उनके फैंस के साथ अन्याय होगा।



# पाकिस्तानी यूजर ने किया अनफॉलो तो भुवन बाम ने दिया करारा जवाब

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई पाकिस्तानी लोग भारतीय इंफ्लुएंसर को अनफॉलो कर रहे हैं। इस लिस्ट में अब भुवन बाम का नाम भी शामिल हो गया। भुवन को एक पाकिस्तानी यूजर ने अनफॉलो करने की बात कही तो इंफ्लुएंसर ने उसे करारा जवाब दिया। इसके बाद से ही भुवन की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। एक पाकिस्तानी फॉलोअर ने भुवन बाम को इंस्टाग्राम पर मैसेज किया, 'सॉरी भुवन भैया, अनफॉलो।' इस शख्स के प्रोफाइल पर पाकिस्तानी झंडा लगा था। इस पाकिस्तानी फॉलोअर को भुवन बाम ने भी जवाब दिया। वह लिखते हैं, 'भाई, अपने देश के साथ खड़े रहने पर अगर फॉलोअर्स कम होते हैं, तो ऐसा ही सही।' इस बात के जरिए भुवन ने साबित कर दिया कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है कि पाकिस्तानी लोग उन्हें अनफॉलो कर रहे हैं। भुवन बाम का जब यह मैसेज वायरल हुआ तो इंडियन यूजर्स ने उनकी खूब तारीफ की। कई यूजर्स ने कहा, 'ये डिजिटल देशभक्ति है।' वहीं कई यूजर्स ने लिखा है, ' भुवन, एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे।' इस तरह के कई कमेंट्स इंडियन यूजर्स भुवन बाम को लेकर किए। भुवन बाम ने यूट्यूब के जरिए अपना करियर शुरू किया, वह इस प्लेटफॉर्म पर फनी वीडियो बनाते थे। अब बतौर एक्टर वेब सीरीज में काम कर रहे हैं। 'ढिंढोरा' और 'ताजा खबर' जैसी सीरीज की हैं। इन सीरीज में भुवन ने लीड रोल निभाए हैं।

# स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करते अमित

इन दिनों फिल्म 'रेड 2' की काफी चर्चा है। अजय देवगन ने इस फिल्म में एक इनकम टैक्स ऑफिसर का रोल किया है। फिल्म 'रेड 2' में अमित सियाल ने भी अजय देवगन के साथी का रोल किया है, इस किरदार की भी काफी चर्चा हो रही है। फिल्म 'रेड 2' और अपने करियर के शुरुआती संघर्ष के बारे में अमित सियाल ने बातचीत की।


अमित सियाल अक्सर कहते हैं कि वह अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहते हैं। ऐसा क्यों है? इस सवाल के जवाब में अमित सियाल एक उदाहरण देते हैं, वह कहते हैं, 'हां, मैं अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहता हूं। देखिए, अगर मेरा कभी बाइक से एक्सीडेंट हो जाए और मैं हमेशा उसी बात को याद करते हुए बाइक चलाना ही छोड़ दूं तो ये गलत बात होगी ना। मैं कहता हूं कि हर व्यक्ति स्ट्रगल करता है। मैं भी स्ट्रगल किया। मैंने भी कॉलेज के दिनों बर्तन धोए हैं, टैक्सी भी चलाई, वेटर बना हूं। साथ ही खूब मस्ती भी की।'

## मौजूदा फेज को एंज्वॉय करने की ख्वाहिश

अमित सियाल आगे कहते हैं, 'स्ट्रगल को याद करने के बजाय मैं आज के फेज को एंज्वॉय करना चाहता हूं, मैं अच्छा काम कर रहा हूं, मुझे लोगों से प्यार और तारीफ मिल रही है, मेरा घर अच्छे से चल रहा है, परिवार खुश है, पत्नी और बच्चे खुश हैं। गाड़ी भी है, जिंदगी अच्छी चल रही है। इसके अलावा मुझे और क्या चाहिए?'

## सोचकर आए थे कि एक्टिंग ही करेंगे

अमित इंटरव्यू में यह भी बताते हैं कि उन्होंने बचपन से ही एक्टर बनने का सपना देखा था। वह कहते हैं, 'मैंने बचपन में एक्टर बनने का सपना देखा, जिसे पूरा कर लिया तो फिर किस बात का स्ट्रगल है। मैं तो मुंबई यही सोचकर आया था कि भूखा रह लूंगा लेकिन एक्टिंग ही करूंगा। फिर इस रास्ते के बीच में जो चीजें भी फेस करनी पड़ी उसे लेकर बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है।'





# रिश्ते में दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चलेंगे

राजकुमार राव अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग की बदौलत फैंस के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपने काम में विविधता रखी है, इसी वजह से उन्हें ढेर सारे कॉमिक किरदार निभाने के बावजूद कभी टाइपकास्ट होने का डर नहीं सताया। एक ओर जहां तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथवालों के साथ मिलकर कोलैब कर रहे तो वहीं राजकुमार भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना क्यों जरूरी है।

## अपने काम में हमेशा विविधता रखी है

राज ने अपने करियर में कई कॉमिक किरदार किए हैं। ऐसे में क्या उनके मन में कभी टाइपकास्ट होने का खयाल आया? इसके जवाब में ऐक्टर कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ। पिछले साल मैंने श्रीकांत बोल्ला की बायॉपिक की थी। इस साल 'मालिक' आएगी, जो कि ऐक्शन पैक्ड फिल्म है। हमेशा मैंने अपने काम में विविधता रखी है। रही बात कॉमिडी की तो उसके लिए अच्छा लिखा होना बेहद जरूरी है। उसके बिना एक ऐक्टर को आप बोलें कि किसी सीन को फनी बना दो तो वो बहुत मुश्किल हो जाएगा। जब तक राइटिंग में कॉमिडी नहीं होगी, तब तक एक ऐक्टर के बस में नहीं है कि वो अकेले इतना कुछ कर सके।

## मौका मिला तो साउथ इंडस्ट्री में काम करूंगा

तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथ ऐक्टर, डायरेक्टर के साथ कोलैब कर रहे हैं। इस बातचीत में अभिनेता ने अपना इरादा भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक मेरे पास ऐसा कोई मौका आया नहीं है। साउथ इंडस्ट्री में बहुत टैलंट है। बहुत सारे अच्छे-अच्छे ऐक्टर-डायरेक्टर हैं, जिसमें लिजो और मणिरत्नम जैसे नाम शामिल हैं। भ?विष्य में अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं जरूर उनके साथ काम करना चाहूंगा।

## अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना जरूरी है

मेरा और पत्रलेखा का दिल तो कई साल से जुड़ा हुआ है। हमारे रिश्ते के 15 साल पूरे होने वाले हैं। मैं यही मानता हूं कि समय कम मिले चलेगा लेकिन दिल हमेशा मिले रहना ज्यादा जरूरी है। अब हम एक अलग मुकाम पर पहुंच चुके हैं। काम में व्यस्त होने की वजह से कई बार हम एक महीने तक नहीं मिल पाते लेकिन हमें एक-दूसरे की अहमियत पता है। हर रिश्ते की शुरुआत प्रेम से होती है। कई बार यही शादी में बदल जाती है जैसा कि हमारे साथ हुआ। हालांकि, अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना बहुत जरूरी है। जैसे हम कई बार दोस्तों के साथ होते हैं तो समय का पता नहीं चलता, उसी तरह अगर आप अपने रिश्ते में भी दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चल जाता है।

## टाइटल का रोचक होना मायने रखता है

मुझे फिल्म के टाइटल नहीं, कहानी आकर्षित करती है। हालांकि, मेरी फिल्मों के टाइटल काफी रोचक होते हैं। यह बात एकदम सच है कि टाइटल का रोचक होना बहुत मायने रखता है क्योंकि वही पहली चीज होती है, जो ऑडियंस के पास जाती है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि मजेदार टाइटल सोचा जाए, जिससे वो ज्यादा से ज्यादा लोगों के जेहन में बस सके। बाकी मेरी लिए कहानी का मजबूत होना ज्यादा अहम है। अगर मुझे कहानी पसंद आ जाती है तो फिर मैं फिल्म करने के लिए हां कर देता हूं।

## सरकारी नौकरी करता तो आईएएस बनता

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ का एक डायलॉग है कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ। ऐसे में जब उनसे यह सवाल किया गया कि वाकई में अगर आपको सरकारी नौकरी मिलती तो आप क्या बनते? इस पर ऐक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म शादी में जरूर आना में डीएम सत्येंद्र शुक्ला (आईएएस अफसर) बनकर बड़ा मजा आया था। हकीकत में, मुझे मौका मिलता तो आईएएस अफसर ही बनता। उनकी फिल्म की कहानी टाइम लूप पर आधारित है। ऐसे में जब राजकुमार से पूछा गया कि अगर आपको पीछे जाकर कुछ बदलने का मौका मिले तो क्या बदलना चाहेंगे। इस पर अभिनेता ने कहा कि मैं अपने पैरंट्स का लॉस बदलना चाहूंगा। इसके अलावा, मेरे फिल्म स्कूल (एफटीआईआई) के दिन हमेशा जेहन में रहते हैं। पत्रलेखा के साथ गुजारे ट्रैवलिंग के दिनों को मैं बहुत याद करता हूं। साथ ही हमारी शादी के जो तीन दिन के कार्यक्रम थे, उन्हें भी मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। चाहता हूं कि वो दिन बार-बार लौटकर आएं।

## अनुभव सिन्हा से इस बारे में बात करूंगा

फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ राज ने फिल्म भीड़ में काम किया था। हाल ही में फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि फिल्में दो तरह की बन रही हैं। एक बड़े पर्दे तो दूसरी ओटीटी के लिए। इस पर राज ने कहा कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन इस मामले पर अभी मेरी उनके कोई बात नहीं हुई है। अभी उस पोस्ट में उन्होंने पूरी जानकारी भी नहीं दी है। वह इस बारे में आगे और भी बात करेंगे। उनसे बात करके ही बता पाऊंगा आखिर उन्होंने ऐसा क्या सोच कर लिखा है। हो सकता है कि कुछ ऐसा हुआ हो उनके साथ तो उन्हें लगा हो कि ऐसा लिखना चाहिए या हो सकता है कि उन्होंने किसी को स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया हो।

- साभार

# बटलर, बेथेल, जैक्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल

## आरसीबी के खिलाफ खेलेंगे केकेआर के रसेल-नरेन; यह मैच हारी तो बाहर होगी कोलकाता



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 17 मई से आईपीएल फिर शुरू होगा, टूर्नामेंट 3 जून तक चलेगा। ऐसे में कई विदेशी प्लेयर्स के नहीं खेलने की आशंका है। वहीं वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नरेन आरसीबी के खिलाफ केकेआर से खेलते नजर आएंगे। कोलकाता अगर यह मैच नहीं जीत सकी तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर 29 मई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच शुरू होने वाली वनडे सीरीज के कारण दोनों टीमों के प्लेयर्स का आईपीएल प्लेऑफ खेलना मुश्किल है। इससे आरसीबी-जीटी और मुंबई को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

कोलकाता के ज्यादातर विदेशी प्लेयर्स बेंगलुरु पहुंच जाएंगे। जहां टीम 17 मई को होम टीम आरसीबी से भिड़ेगी। केकेआर के लिए यह करो या मरो का मुकाबला है, अगर टीम हार गई तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर आरसीबी अगर जीत गई तो प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

**दुबई में थे वेस्टइंडीज के प्लेयर्स-** केकेआर में वेस्टइंडीज के 3 प्लेयर्स और 1 मेंटॉर हैं। चारों भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात के दौरान दुबई में। रसेल, नरेन, रोवमन पॉवेल और मेंटॉर ड्वेन ब्रावो बुधवार तक ही भारत आ जाएंगे। अफगानी विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज काबुल और अफ्रीकी पेसर एनरिक नॉर्त्या मालदीव में हैं। दोनों भी बुधवार तक बेंगलुरु पहुंच जाएंगे।

ऑलराउंडर मोईन अली इंग्लैंड और पेसर स्पेंसर जॉनसन ऑस्ट्रेलिया में हैं। दोनों के आने पर कोई कन्फर्मेशन नहीं मिली। विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के भारत आने की जानकारी भी नहीं मिल पाई। कोलकाता के भारतीय प्लेयर्स भी जल्द ही टीम से जुड़ जाएंगे। 10 मई को भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। टीम 18 मई को दिल्ली में होम टीम से भिड़ेगी। मुकाबले से पहले 14 मई को इंग्लैंड के जोस बटलर और साउथ अफ्रीका के जेराल्ड कूट्जी टीम से जुड़ गए।

गुजरात के बाकी विदेशी प्लेयर राशिद खान, शेरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत इस दौरान टीम के साथ भारत में ही थे। रदरफोर्ड और बटलर को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में अपनी-अपनी टीमों से वनडे सीरीज खेलनी है। ऐसे में तब्ज़ अगर प्लेऑफ में पहुंची तो दोनों का खेल पाना मुश्किल हो सकता है।

**बेथेल और जैक्स का प्लेऑफ खेलना भी मुश्किल -** इंग्लैंड को 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 की सीरीज खेलनी है। इंग्लिश टीम में आरसीबी के जैकब बेथेल और मुंबई के विल जैक्स का नाम है। दोनों ही टीमें प्लेऑफ में पहुंचने की दावेदार भी हैं, ऐसे में दोनों इंग्लिश प्लेयर्स का प्लेऑफ के मैच खेल पाना मुश्किल लग रहा है। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से शुरू होगा।

# रबाडा-एनगिडी समेत 8 आईपीएल प्लेयर्स साउथ अफ्रीका लौटेंगे

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में शामिल होने के लिए बुलाया गया, 26 मई तक जाना होगा




**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में शामिल साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों को प्ले ऑफ शुरू होने से पहले ही लौटना पड़ सकता है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए टीम में शामिल खिलाड़ियों को 26 मई तक लौटने के लिए कहा है। इनमें गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, पंजाब किंग्स के मार्को यानसन, मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन, लखनऊ सुपर जायंट्स से एडेन मार्करम, दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स और सनराइजर्स हैदराबाद से व्यान मुल्डर शामिल हैं।

**11 जून को खेला जाना है डब्ल्यूटीसी फाइनल -** डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बोर्ड ने ऐसा फैसला इसलिए किया है, ताकि खिलाड़ियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वहीं सभी आठों खिलाड़ी टीम के साथ 30 मई डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए इंग्लैंड रवाना हो सकें। आईपीएल 2025 में साउथ अफ्रीका के कुल 20 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**गुजरात, बेंगलुरु, पंजाब और मुंबई को हो सकती है मुश्किल -** साउथ अफ्रीका के 8 खिलाड़ियों के 26 मई को आईपीएल से लौटने से गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आईपीएल पॉइंट टेबल में टॉप में शामिल गुजरात टाइटंस के कागिसो रबाडा, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी, तीसरे स्थान पर मौजूद टीम पंजाब किंग्स के मार्को यानसन और चौथे स्थान पर काबिज मुंबई इंडियंस के दो खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन शामिल हैं।

**आईपीएल फिर से 17 मई से शुरू हो रहा है -** आईपीएल 2025 17 मई से फिर शुरू हो रहा है। 6 वेन्यू पर लीग स्टेज के बचे हुए 13 मैच होंगे। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से खेला जाएगा, 3 जून को फाइनल होगा। पहले 25 मई को खेला जाना था। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था।

# लिविंगस्टन इंग्लैंड की वनडे और टी-20 टीम से बाहर

## हैरी ब्रूक की परमानेंट कप्तानी में पहली सीरीज, 29 मई को वेस्टइंडीज से भिड़ेंगे




**नईदिल्ली(एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू होने वाले व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड ने वनडे और टी-20 टीम का ऐलान कर दिया। लियम लिविंगस्टन को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। गुजरात टाइटंस से आईपीएल खेल रहे जोस बटलर भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं, ऐसे में उनका प्लेऑफ मैच खेल पाना मुश्किल है। हैरी ब्रूक को व्हाइट बॉल टीम का परमानेंट कप्तान बनाए जाने के बाद यह इंग्लैंड की पहली सीरीज है। फिल सॉल्ट को वनडे टीम में मौका नहीं मिला, वे 6 जून से टी-20 सीरीज खेलेंगे।

### इंग्लैंड स्क्वॉड

वनडे – हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, टॉम हार्टली, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, जो रूट और जैमी स्मिथ।

टी-20– हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, लियम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट और ल्यूक वुड।

**लियम डॉसन और विल जैक्स की वापसी -** लेफ्ट आर्म स्पिनर लियम डॉसन को 2022 के बाद पहली बार टी-20 टीम में जगह मिली। फिल सॉल्ट की भी सबसे छोटे फॉर्मेट की टीम में वापसी हुई। विल जैक्स को दोनों स्क्वॉड में जगह मिली। जोफ्रा आर्चर वनडे सीरीज खेलेंगे, लेकिन इंजरी को ध्यान में रखते हुए उन्हें टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन बैडमिंटन से बाहर

## ● राजावत भी राउंड-1 में हारे, महिला वर्ग में आकर्षि, उन्नति अगले दौर में



**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत थाईलैंड ओपन के पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। वहीं, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गईं हैं। बुधवार को सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे गेम में वापसी की, लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने 18-21, 21-9, 17-21 से हराया।

### राजावत भी तीन गेम में हारे

मेंस सिंगल्स कैटेगरी में प्रियांशु राजावत को भी पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। इस मुकाबले में प्रियांशु ने बड़े अंतर से गंवाया, लेकिन दूसरे गेम में शानदार कोर्ट कवरेज और दमदार खेल की बदौलत 21-17 की वापसी हासिल की। तीसरे गेम में प्रियांशु को 21-16 की पराजय झेलनी पड़ी।

### आकर्षि-उन्नति ने तीसरे गेम में जीते मुकाबले

विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में आकर्षि कश्यप ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। वहीं, उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गई।

# श्रीलंका में स्नेह राणा की सफलता का राज धीमी और फुल लेंथ गेंदबाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्नेह राणा ने श्रीलंका में त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उनकी सफलता में गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी की अहम भूमिका रही। साल्वी ने पिच को काफी अच्छी तरह पढ़ा और स्नेह को कम गति से गेंदबाजी करने की सलाह दी जो उनके



काफी काम आई। बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर स्नेह गेंद की गति में विविधता लाई जो काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने श्रृंखला में 15 विकेट चटकाए और कई देशों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। स्नेह ने कहा, 'मैंने हमारे गेंदबाजी कोच अविष्कार सर से बात की। उन्होंने हमें बताया कि वहां किस तरह की गेंदबाजी कामयाब रहेगी। गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरह आ रही थी इसलिए हमें धीमी और फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी गई। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं, मुझे खुशी है कि मुझे इतने लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। इस जर्सी को दोबारा पहनकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। श्रीलंका में सपाट पिचें थी और एक मैच में तो 600 से अधिक रन बने लेकिन स्नेह ने अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। स्नेह ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट के नूशीन अल खादीर और न्यूजीलैंड की राशेल पुलर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2002 में 12 विकेट चटकाए थे।

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा । मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।



पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिए। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किए। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया।

महासंघ के एक सूत्र ने कहा, 'अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रूख पर निर्भर करता है। अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नयी टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा।

एक अधिकारी ने बताया, 'अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा। पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है। एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

# रियो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट रेसलर पर प्रॉस्टिट्युशन के आरोप

## कोलंबस पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया, 19 मई को कोर्ट में पेश होंगे




**कोलंबस (एजेंसी)।** रियो ओलिंपिक 2016 में गोल्ड जीतने वाले अमेरिकी रेसलर काइल स्नायडर को कोलंबस पुलिस ने प्रॉस्टिट्युशन के मामले में गिरफ्तार किया है। वे शुक्रवार रात को एक प्रॉस्टिट्युशन से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में फंसे थे। हालांकि, पूछताछ के बाद स्नाइडर को मौके से ही छोड़ दिया। अब उन्हें 19 मई 2025 को अदालत में पेश होना होगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 29 साल के स्नाइडर के अलावा, 15 अन्य लोगों को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग ने कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की।

**ऐसे पकड़ में आए स्नायडर -** पुलिस ने बताया कि हमने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे, ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें। जो प्रॉस्टिट्युशन जैसी गैरकानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात 8ः15 बजे के करीब स्नायडर ने इन विज्ञापनों पर दिए गए नंबर पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। रेसलर को लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कॉल के बाद वे पास के एक होटल पहुंचे। जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए। अधिकारी ने मौखिक रूप से यौन सेवा की मांग की।

# अर्शदीप सिंह का टेस्ट डैब्यू तय !

## इंग्लैंड में दिखाएंगे जलवा, शमी पर संदेह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आगामी रेड-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड के लिए उड़ान भर सकते हैं। भारत के इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शामिल है। यह 20 जून से शुरू होने वाली है और हाई-प्रोफाइल सीरीज 4 अगस्त को समाप्त होने वाली है। मुख्य सीरीज की शुरुआत से पहले, भारत ए को इंग्लैंड में दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। 26 वर्षीय अर्शदीप इंग्लैंड में होने वाली सीरीज़ के लिए चयनकर्ताओं के रडार पर हैं, और उन्हें टेस्ट टीम में चुना जाएगा।



अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का चयन संदिग्ध है और उनके चयन की 50/50 संभावना है, जबकि हर्षित राणा भारत ए टीम के साथ इंग्लैंड जाएंगे। बीसीसीआई विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को ही उप-कप्तान चुनेगी। बता दें कि मोहम्मद शमी का फॉर्म और फिटनेस एक बड़ी चिंता का विषय रहा है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग के चालू सत्र में वह गेंद के साथ बहुत खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत का इंग्लैंड दौरा 20 से 24 जून तक हेडिंग्ले, लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 2 से 6 जुलाई तक खेला जाएगा, तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 से 27 जुलाई तक चौथा टेस्ट खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

# मैक्सवेल से शादी क्यों नहीं की ? सवाल पर गुस्साई प्रीति जिंटा, बोली यह भेदभाव क्यों ?

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक इंटरेक्शन सेशन के दौरान, अभिनेत्री और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने एक यूजर के आपत्तिजनक सवाल पर कड़ा जवाब दिया। यूजर ने मजाक में पूछा कि क्या क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल के आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खराब प्रदर्शन का कारण यह था कि प्रीति ने उनसे शादी नहीं की। इस सवाल से नाराज प्रीति ने यूजर को लैंगिक भेदभाव बंद करने और सम्मान देने की सलाह दी। प्रीति ने एक्स पर लिखा- क्या आप यह सवाल पुरुष टीम मालिकों से पूछेंगे, या यह भेदभाव सिर्फ महिलाओं के लिए है? क्रिकेट में आने से पहले मुझे नहीं पता था कि कॉर्पोरेट जगत में महिलाओं के लिए जीवित रहना कितना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा, आपने यह सवाल मजाक में पूछा होगा, लेकिन उम्मीद है कि आप इसे गंभीरता से देखेंगे। मैंने 18 साल की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है, कृपया मुझे वह सम्मान दें और लैंगिक पक्षपात बंद करें। धन्यवाद। पंजाब किंग्स -प्रीति जिंटा की सह-स्वामित्व वाली आईपीएल टीम, वर्तमान में आईपीएल 2025 की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।



# भारत, पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना चाहते हैं : अमेरिकी विदेश मंत्रालय

» न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिका ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद को प्रोत्साहित करता है तथा शांति का रास्ता चुनने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सराहना करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक जारी रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष समाप्त करने को लेकर शनिवार को सहमति बनी। भारत सरकार के सूत्रों का कहना है कि दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी और इसमें कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम भारत एवं पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत करते हैं तथा शांति का रास्ता चुनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ की सराहना करते हैं। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, उनका निर्णय शक्ति, बुद्धिमत्ता और धैर्य को दर्शाता है।**

उन्होंने कहा, हम दोनों पक्षों से क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सीधा संवाद कायम रखने का आग्रह करते हैं। जब पिगॉट से पूछा किया कि क्या पाकिस्तानी नेताओं ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत के दौरान ऐसी कोई प्रतिबद्धता जताई है कि वे (पाकिस्तान) आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर देंगे तो प्रवक्ता ने कहा कि वह निजी राजनयिक वार्ता के बारे में बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ दिनों से जो कह रहे हैं, मैं वही दोहरा सकता हूं कि हम इस सप्ताहांत भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्षविराम का स्वागत करते हैं तथा शांति का रास्ता चुनने के लिए दोनों प्रधानमंत्रियों की सराहना करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की थी। उन्होंने कहा, वह (ट्रंप) इस मामले में बहुत स्पष्ट थे। हम पक्षकारों के बीच सीधे संवाद को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। इसको लेकर हम बहुत स्पष्ट हैं। भारत द्वारा मध्यस्थता के किसी भी अमेरिकी प्रयास को अस्वीकार करने तथा भारत एवं पाकिस्तान को वार्ता के लिए एक ही कमरे में लाने की अमेरिका की उम्मीद को लेकर सवाल पूछे जाने पर पिगॉट ने कहा, मैं इसे लेकर अटकलें नहीं लगाऊंगा। मैं यही कह सकता हूं कि हम सीधे संवाद को प्रोत्साहित करते हैं। हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं। हम सीधे संवाद को प्रोत्साहित करना जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति इस बारे में स्पष्ट हैं और जैसा कि मैंने कहा, राष्ट्रपति ने शांति की राह चुनने और इससे जो बुद्धिमत्ता और दृढ़ता का परिचय मिलता है, उसके लिए दोनों प्रधानमंत्रियों की स्पष्ट रूप से प्रशंसा की है। यह पूछे जाने पर कि कथित परमाणु विकिरण के रिसाव की रिपोर्ट के बाद क्या अमेरिका ने पाकिस्तान में टीम भेजी है, उन्होंने कहा कि इस समय उनके पास इस मामले पर कहने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका संघर्ष विराम को देखकर खुश है। पिगॉट ने कहा, हम इसे देखकर खुश हैं। हमारा ध्यान इसी पर केंद्रित है। हम संघर्ष विराम को बनाए रखना चाहते हैं और हम सीधे संवाद को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। हमारा ध्यान संघर्ष विराम पर है। हमारा ध्यान सीधे संवाद को प्रोत्साहित करने पर है। हमारा ध्यान यहीं केंद्रित रहने वाला है। राष्ट्रपति ने इस पर बात की है। उन्होंने कहा, ...राष्ट्रपति ट्रंप शांति निर्माता हैं। वह एक शांति निर्माता हैं। वह शांति को महत्व देते हैं... उन्होंने बार-बार यह दिखाया है कि वह अमेरिका प्रथम एजेंडे को आगे बढ़ाने के साथ-साथ शांति भी चाहते हैं। वह संघर्ष को समाप्त होते देखना चाहते हैं। पिगॉट ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में दोहराया कि अमेरिका संघर्ष विराम से खुश है। उन्होंने कहा, हम पक्षों के बीच सीधा संवाद देखना चाहते हैं। जब दुनिया भर के क्षेत्रों में मौजूद संघर्षों को हल करने की बात आती है, तो राष्ट्रपति उन संघर्षों को हल करना चाहते हैं जहां वे ऐसा कर सकते हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत छह और सात मई की दरमियानी रात पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे। भारतीय कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया, जिसका भारत ने समुचित जवाब दिया। सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच 10 मई को सहमति बनी।



## पाकिस्तान और भारत ने वाघा-अटारी सीमा पर एक-एक कैदी की अदला-बदली की

**लाहौर।** पाकिस्तान और भारत ने बुधवार को वाघा-अटारी सीमा पर एक-एक कैदी की अदला-बदली की और ये दोनों ही सुरक्षाकर्मी हैं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान रेंजर्स के मुहम्मदुल्ला को आज सुबह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, मुहम्मदुल्ला अनजाने में भारत के क्षेत्र में पहुंच गया था और उसे बीएसएफ ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल के अंत में कसूर जिले में सीमा पार करने के बाद हिरासत में लिए गए बीएसएफ कर्मी कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह अदला-बदली हुई।

## भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्षः आतंकवाद से निपटने के प्रयासों में सहयोग करेंगेः ब्रिटेन



**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटेन दोनों देशों के साथ काम करने के वास्ते तैयार है, साथ ही आतंकवाद से निपटने के दोनों पक्षों के प्रयासों में सहयोग करने के लिए भी राजी है। लैमी ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में कश्मीर पर एक चर्चा के दौरान कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ नियमित संपर्क में हैं ताकि दोनों देशों को सिंधु जल संधि जैसे कठिनाई से हासिल राजनयिक सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। लैमी ने सांसदों से कहा, ब्रिटेन सैन्य कार्रवाई को रोकने संबंधी भारत और पाकिस्तान की प्रतिबद्धताओं का स्वागत करता है। दोनों देशों के साथ हमारे मजबूत और घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए ब्रिटेन दोनों पक्षों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि स्थाई युद्धविराम हो सके। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमने जो आतंकवाद देखा कि 26 नागरिकों के कपड़े उतरवाए गए और गोली मारी गई, वह भयानक था और हम इसकी निंदा करते हैं। हम आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए करीबी भागीदारों के साथ काम करना जारी रखेंगे...। छाया विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे की मौजूदगी पर ब्रिटेन के विपक्षी दल की चिंताओं को जाहिर किया और इस खतरे से निपटने में ब्रिटेन की भूमिका पर मंत्री से सवाल किया। पटेल ने प्रश्न किया, पाकिस्तान सरकार से यह तय कराने के लिए क्या चर्चा हुई कि वह आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को नष्ट करेगी, साथ ही पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी खतरों को समाप्त करने में ब्रिटेन क्या भूमिका निभाएगा, क्योंकि इसी से क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा में सुधार होगा। इस पर लैमी ने ब्रिटेन सरकार के इस रुख को दोहराया कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है और इसे कश्मीरी लोगों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच उचित संचार की आवश्यकता है न केवल सैन्य माध्यमों से बल्कि राजनीतिक माध्यमों से भी... ये संचार खराब हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसमें भूमिका निभा सकता है, खासकर वे देश जिनके दोनों देशों के साथ संबंध हैं। यही कारण है कि हम अमेरिका से बात कर रहे हैं, हम सऊदी अरब से बात कर रहे हैं और यही कारण है कि हम संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### सऊदी अरब की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बातचीत की

## भारत और पाकिस्तान को शांति के लिए राजी किया : ट्रंप

» न्यूयॉर्क, भाषा।



**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने में अमेरिका द्वारा मध्यस्थ की भूमिका अदा करने का दावा फिर से दोहराया है। ट्रंप ने कहा है कि वाशिंगटन, भारत और पाकिस्तान के साथ मध्यस्थ के तौर पर शामिल हुआ था। ट्रंप ने साथ ही कहा कि जो कुछ हो रहा था वह उन्हें अच्छा नहीं लग रहा था और इसलिए उन्होंने दोनों देशों को शांति बनाए रखने के लिए राजी किया। ट्रंप ने मंगलवार को सऊदी अरब की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद एयरफोर्स वन विमान में फॉक्स न्यूज से बातचीत में यह बात कही। शनिवार के बाद से यह पांचवीं बार है जब ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराया है। भारत और पाकिस्तान चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को संघर्ष समाप्त करने पर सहमत हुए थे। नई दिल्ली में सरकारी सूत्र लगातार कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच जमीन, हवा और समुद्र पर तत्काल प्रभाव से सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति बनी थी।**

सूत्रों का कहना है कि इसमें कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं है। फॉक्स न्यूज के सीन हैनिटी को दिए गए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, मैं व्यस्त रहा हूं लेकिन मुझे इसमें मजा भी आया क्योंकि हम काम पूरा कर रहे थे। ऐसा भी वक्त होता है जब आप बहुत मेहनत करते हैं लेकिन कोई परिणाम नहीं निकलता। ये भी हुआ लेकिन हम काफी काम कर रहे हैं। ट्रंप इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि यह अब तक एक अद्भुत सप्ताह रहा जिसमें राष्ट्रपति ने चीन के साथ व्यापार समझौता किया है, भारत और पाकिस्तान में बड़ी भूमिका निभाई है और दवाओं की कीमतों में कटौती की है। ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इससे पहले कभी ऐसा कोई वक्त आया है जब कुछ वक्त के लिए परमाणु युद्ध की आशंका पैदा हुई हो। दोनों देशों (भारत और पाकिस्तान) के पास बहुत अच्छे नेता हैं, ऐसे लोग जिन्हें मैं बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। यकीनन यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया थी। हम भारत और पाकिस्तान के साथ जुड़े थे।

## ईरान को किसी भी परमाणु समझौते के तहत छद्म समूहों का समर्थन बंद करना चाहिए : ट्रंप

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को खाड़ी नेताओं से कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बंद करने के लिए उसके साथ तत्काल समझौता करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी संभावित समझौते के हिस्से के रूप में तेहरान को पूरे क्षेत्र में छद्म समूहों को अपना समर्थन बंद करना होगा। सऊदी अरब की राजधानी में युवराज मोहम्मद बिन सलमान द्वारा आयोजित खाड़ी सहयोग परिषद के नेताओं की बैठक में ट्रंप ने कहा, (ईरान को) आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, अपने रक्तरंजित छद्म युद्धों को रोकना होगा, तथा परमाणु हथियार बनाने के प्रयासों को स्थाई रूप से और सत्यापन किए जाने योग्य स्थिति तक बंद करना होगा। उनके पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। पिछले महीने की शुरुआत से लेकर अब तक अमेरिका और ईरान के बीच चार दौर की बातचीत हो चुकी है, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## उम्मीद है कि भारत, पाकिस्तान दोनों पक्ष लंबित मुद्दों से निपटेंगे: स्टीफन दुजारिक

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।



**संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए सहमति बनने के बाद हम बेहतर स्थिति में हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश इस अवसर का इस्तेमाल अपने लंबित मुद्दों से निपटने के लिए करेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक जारी रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों में सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई को रोकने पर 10 मई को सहमति बनी थीं। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देशों में बनी सहमति बरकरार है। दुजारिक ने कहा, मुझे लगता है कि हम पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। हमें उम्मीद है कि संघर्षविराम कायम रहेगा।**

हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष इस अवसर का इस्तेमाल अपने कई आपसी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए करेंगे। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत छह और सात मई की दरमियानी रात पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे। भारतीय कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तानी प्रयासों का भारत ने कड़ा जवाब दिया और पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों, वायु रक्षा प्रणालियों, कमान एवं नियंत्रण केंद्रों तथा रडार स्थलों सहित कई प्रमुख पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी क्षति पहुंचाई। भारत एवं पाकिस्तान के बीच सहमति बनने की घोषणा के बाद नई दिल्ली में सरकार के सूत्रों ने कहा कि दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी और इसमें कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं था। इससे पहले, गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सहमति की घोषणा के तुरंत बाद गुतारेस ने इस कदम का स्वागत किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल की अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री बनीं, सिद्धू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग मिला

» ओटावा, भाषा।



**कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा घोषित नए मंत्रिमंडल में भारतीय-कनाडाई अनीता आनंद और मनिंदर सिद्धू को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। आनंद को मंगलवार को घोषित नए मंत्रिमंडल में विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि सिद्धू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया गया। कार्नी ने कनाडा के आम चुनावों में अपनी लिबरल पार्टी की जीत के लगभग दो सप्ताह बाद नए मंत्रिमंडल की घोषणा की। चुनाव से कुछ महीने पहले उन्होंने जस्टिन ट्रूडो की जगह प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। आनंद (58) चुनाव से पहले नवोन्मेष, विज्ञान एवं उद्योग मंत्री थीं और इससे पहले भी वह रक्षा मंत्री सहित कई पदों पर रह चुकी हैं। उन्होंने मेलानी जोली की जगह ली है जो अब उद्योग मंत्री हैं। ओकविले ईस्ट से सांसद आनंद ने शपथ लेने के तुरंत बाद एक्स पर लिखा, कनाडा की विदेश मंत्री बनाए जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं।**

मैं प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और हमारी टीम के साथ मिलकर एक सुरक्षित, निष्पक्ष दुनिया बनाने और कनाडाई लोगों के लिए काम करने को लेकर उत्साहित हूं। सिद्धू (41) ने भी शपथ ग्रहण के बाद कहा कि कनाडा का अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया जाना उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का आभारी हूं कि व्यापार में विविधता लाने, कनाडाई व्यवसायों को नए वैश्विक बाजारों तक पहुंचने में सहायता करने और कनाडा में अच्छे वेतन वाली नौकरियां पैदा करने में उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुझे अपने सहयोगियों के साथ खड़े होने पर गर्व है। हम जी7 में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। सिद्धू को ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया गया है जब कनाडा शुल्क को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की आक्रामकता से जूझ रहा है।

## गाजा में इजराइली हवाई हमलों में 22 बच्चों समेत 60 लोगों की मौत:स्वास्थ्य मंत्रालय

» दीर अल-बला (गाजा पट्टी), भाषा।



**गाजा में बुधवार तड़के हुए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 22 बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों में कुल 60 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से 10 लोगों की मौत दक्षिणी शहर खान यूनिस में हुई। जबालिया में इंडोनेशियन अस्पताल ने बताया कि हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई है। ये हमले अमेरिका की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत हमास द्वारा एक इजराइली-अमेरिकी बंधक को रिहा किए जाने के एक दिन बाद और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सऊदी अरब यात्रा के बीच हुए हैं।**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा था कि इजराइल द्वारा गाजा में युद्ध रोकने का कोई सवाल ही नहीं उठता। नेतन्याहू के इस बयान के साथ ही संघर्ष विराम की उम्मीदों पर विराम लग गया। इजराइली सेना ने हमलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि सेना ने मंगलवार देर रात जबालिया के निवासियों को क्षेत्र खाली करने की चेतावनी दी थी, जहां रॉकेट लांचर समेत हमास के बुनियादी ढांचे मौजूद हैं। जबालिया में बचावकर्मियों ने मृत बच्चों के शवों को निकालने के लिए हाथ से औजारों का उपयोग करते हुए ढही हुई इमारत के मलबे को तोड़ा। इजराइल ने गाजा में अभियान तेज करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को नेतन्याहू के कार्यालय की ओर जारी बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइली सेना वादे के अनुसार, बलों की संख्या बढ़ाने से बस कुछ ही दिन दूर है और वे हमास को खत्म करने के मिशन को पूरा करने के लिए बड़ी ताकत के साथ गाजा में प्रवेश करेंगे.....। यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब ऐसी उम्मीद है कि ट्रंप की पश्चिम एशिया यात्रा के दौरान युद्ध विराम समझौता हो सकता है या गाजा को मानवीय सहायता प्रदान की जा सकती है। फ्रांस ने गाजा में मानवीय सहायता कर्मियों पर इजराइल की नाकेबंदी की निंदा की।

### पूर्वी पाकिस्तान में दशकों तक बंगालियों की स्वायत्तता के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया

## चुनाव पूरी तरह बांग्लादेश का आंतरिक मामला : यूनुस के प्रमुख सहयोगी

» ढाका, भाषा।

**बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के एक शीर्ष सहयोगी ने कहा है कि चुनाव पूरी तरह देश का आंतरिक मामला है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक था। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने हसीना की अवामी लीग की गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध पर भारत द्वारा व्यक्त चिंताओं पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश ने सोमवार को रातों-रात संशोधित आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग को आधिकारिक रूप से भंग कर दिया। आलम ने मंगलवार को सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संवाद संस्था (बीएसएस) से कहा, चुनाव पूरी तरह से हमारा आंतरिक मामला है। हम सभी से चुनाव से संबंधित मामलों में अपने लोगों की संप्रभु इच्छा का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।**



आलम ने कहा कि अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि अवामी लीग पर उचित प्रक्रिया के बिना प्रतिबंध एक चिंताजनक घटनाक्रम है। भारत ने बांग्लादेश में जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने का भी आह्वान किया। जायसवाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए आलम ने कहा, जहां तक चुनावों का सवाल है, हमें याद है कि कैसे अवामी लीग ने बार-बार घोर हास्यास्पद चुनावों का सहारा लिया और हमारी चुनावी प्रक्रियाओं और संस्थाओं को अपूरणीय क्षति पहुंचाई। आलम ने कहा, इस पार्टी द्वारा मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के घाव अब भी ताजा हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि कैसे अवामी लीग ने अपने 15 साल के अत्याचारी और लूटपाट वाले शासन के दौरान हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, हमारे राजनीतिक अवसरों को बुरी तरह से दबा दिया और हमारी संप्रभुता से समझौता किया।

हसीना की पार्टी को आम चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। चुनाव दिसंबर 2025 से जून 2026 के बीच हो सकते हैं। हसीना की 16 साल पुरानी अवामी लीग सरकार को पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के बाद अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद 77 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री को भारत जाना पड़ा था। हसीना के प्रधानमंत्री पद से हटने के तीन दिन बाद, यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला। 1949 में गठित, अवामी लीग ने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में दशकों तक बंगालियों की स्वायत्तता के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया और अंततः 1971 में मुक्ति संग्राम की अगुवाई की। सोमवार को अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की बांग्लादेश की कार्रवाई यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा कानून के पिछले संस्करण के तहत इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के दो दिन बाद आई।

## पुलवामा में हुए मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आतंकवादियों की पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। वे सभी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। श्रीनगर मुख्यालय सेना की 15वीं कोर ने एक्स पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा नादेर, त्राल, अवंतीपोरा में एक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गुरुवार की मुठभेड़ शोपियां जिले के केल्लर इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा एक अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है।



## पहलगाम हमले के दोषी 'टीआरएफ' को यूएन प्रतिबंध सूची में डालने में जुटा भारत

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने की यूएन आतंकवाद निरोधक समिति के उच्च अधिकारियों से मुलाकात



नई दिल्ली

भारत ने पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में शामिल रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रतिबंधित आतंकी संगठन की सूची में शामिल कराने की कवायद तेजी के साथ शुरू कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन के रूप में टीआरएफ भारत में बीते कुछ समय से अपनी नापाक आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता आया है। बीते बुधवार देर रात इसे यूएन की प्रतिबंधित सूची में शामिल करने को लेकर एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय और आतंकवाद निरोधक समिति के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। जिसके बाद इस बात की संभावना जताई जा रही है कि टीआरएफ पर जल्द ही संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रतिबंध लगाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय टीम फिलहाल न्यूयॉर्क में है और उसके द्वारा यूएन की प्रतिबंध समिति 1267 की निगरानी टीम और अन्य साझेदार देशों के साथ भी संवाद जारी है।

### हमले की टीआरएफ ने दो बार ली जिम्मेदारी

बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। भारत ने इसी महीने की शुरुआत में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इस आतंकवादी हमले का बदला ले लिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह स्पष्ट किया था कि पहलगाम हमले में पाक के पाले हुए लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन टीआरएफ का हाथ है। क्योंकि हमले के तुरंत बाद और अगले दिन कुल दो बार टीआरएफ ने पहलगाम हमले को अंजाम देने की बात कबूली थी। विदेश सचिव ने अपने इसे बयान के जरिए आतंकी हमले को लेकर अपने आप को बचाने में लगे हुए पाकिस्तान के झूठ को पूरी तरह से देश-दुनिया के सामने बेनकाब करके रख दिया था।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,